हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 03 अंक–284 : जौनपुर, सोमवार 21 फरवरी 2022 सान्ध्य दैनिक (संस्करण) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

उत्तर प्रदेश की सुरक्षा विकास व गरीब कल्याण और सुशासन के मुद्दे पर भाजपा को वोट दें:योगी आदित्यनाथ

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : हरदोई के शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी रजनी तिवारी के पक्ष में बड़ी फील्ड पर आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश की सुरक्षा,गरीब कल्याण,विकास एवं सुशासन के मुद्दे पर भाजपा को वोट दें। उन्होंने बताया कि डबल इंजन की सरकार बुलेट ट्रेन की स्पीड से चलती है।उन्होंने कहा कि 2017 से पहले चारों ओर अराजकता का माहौल था।हर तीसरे दिन दंगे होते थे।यूपी में पहले अराजकता, सत्ता प्रायोजित दंगे, अपराध व अराजकता का तांडव होता था। कोई अपने आप को सुरक्षित महसूस नहीं करता था। भाजपा सरकार ने जो काम किया उससे न कोई दंगा हुआ न महिलाओं व व्यापारियों का उत्पीड़न हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि शुक्रवार को गुजरात के अहमदाबाद में हुई घटना पर फैसला आया है। इसमें सभी को फांसी की सजा सुनाई गई है। जिसमें मुख्य अपराधी का संबंध आजमगढ़ और समाजवादी पार्टी से निकला है। कहा कि वर्ष 2012 में जब सपा सरकार बनी थी तो पहला फैसला रामजन्मभूमि और काशी में संकट मोचन पर हमला करने वालों पर लगे मुकदमों को वापस लेना था। उन्होंने कहा कि अहमदाबाद सीरियल ब्लास्ट में शामिल अपराधियों में उत्तर प्रदेश के भी कुछ आतंकवादी थे। उनमें से कुछ सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ संबंधित हैं।सपा ने दर्जन भर आतंकियों के मुकदमों को वापस लिया। समाजवादी पार्टी का हाथ आतंकियों के साथ है।अहमदाबाद के न्यायालय के फैसले से साबित हो गया कि सपा आतंकवादियों को समर्थन देती थी। मुख्यमंत्री योगी ने आगे कहा कि डबल इंजन की सरकार फ्री में राशन दे रही है। फ्री में वैक्सीन लगा रही है। घर–घर बिजली मिल रही है। सपा की सरकार में होली–दिवाली पर बिजली नहीं आती थी जबकि ईद और मुहर्रम पर बिजली दी जाती थी। कहा कि पांच साल में दो साल कोरोना में चले गए।उस समय भी फ्री उपचार,फ्री टेस्ट एवं फ्री वैक्सीन की सुविधा दी।परंतु विपक्षी कोविड वैक्सीन को भी मोदी वैक्सीन,बी जे पी की वैक्सीन बताते रहे।योगी जी ने लोगों का आह्वान किया कि वोट की चोट से विपक्षियों को करारा तमाचा मारिए।थर्ड वेब कब आई,कब चली गई। कोई पता नहीं चला।इंग्लैंड की महारानी को कोरोना हो गया। यूरोप में हजारों लोग मर गए।परंतु भाजपा की सरकार ने लोगों के जीवन को भी बचाया,जीविकोपार्जन को भी बचाया।मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीबों को मुफ्त बिजली कनेक्शन, गैस सिलेंडर दिए।राशन कार्ड दिए।हरदोई जिले में साठ हजार लोगों को पी एम आवास दिए।शौचालय निर्माण के लिए धन दिया।वृद्ध ,दिव्यांग,विधवाओं को पेंशन बारह हजार

रुपए प्रति वर्ष दी जा रही है।किसानों को सम्मान निधि दी। पहले सरकारी पैसा इत्र वाले मित्रों के पास चला जाता था। योगी जी ने कहा कि हमारा बुलडोजर केवल सड़क नहीं बनाता बल्कि बेईमान,भ्रष्ट माफियाओं की छाती पर चढ़कर सरकारी खजाना भी भरता है। कहा कि सपा को समर्थन का मतलब आतंवादियों ,अपराधियों का समर्थन है।माताओं,बहनों,भाइयों ने पहले चरण से ही कसम खा ली है कि साइकिल पंचर करके रहेंगे।उन्होंने बताया कि प्रदेश के नौजवानों को बिना भेदभाव के नौकरी दी।करोड़ों लोगों को रोजगार दिया।शिक्षा की ऑनलाइन ऑफलाइन व्यवस्था दुरुस्त रहे।इसके लिए एक करोड़ नौजवानों को स्मार्ट फोन,टैबलेट देंगे।दस मार्च के बाद दो करोड़ नौजवानों को स्मार्ट फोन और टैबलेट देंगे। स्मार्ट फोन और टैबलेट चलाने का खर्च भी सरकार उठाएगी।ताकि यू पी का नौजवान ,स्मार्ट नौजवान बने।भाजपा सरकार ने 182847 किसानों का कर्ज माफ किया। 07 लाख 83 हजार 382 किसानों को सम्मान निधि दी। 01लाख 42हजार 495वृद्धजनों,27हजार 09सौ दिव्यांगजनों,82हजार 700 निराश्रित महिलाओं को पेंशन दे रहे हैं।हर दीवाली और होली पर उज्जवला योजना के लाभार्थियों को फ्री गैस सिलेंडर मिलेगा। उनका कहना था कि एक तरफ माफिया,आतंकवादियों,अपराधियों और धमकी देने वाली सपा और गठबंधन है।दूसरी तरफ विकास,सुरक्षा ,गरीब का कल्याण करने वाली भारतीय जनता पार्टी है।उन्होंने मतदाताओं का आह्वान किया कि 23 फरवरी को भाजपा उम्मीदवार रजनी तिवारी, माधवेन्द्र प्रताप सिंह रानू,नितिन अग्रवाल,श्याम प्रकाश,आशीष सिंह आशू,रामपाल वर्मा,अलका अर्कवंशी को कमल का निशान दबाकर भारी बहुमत से जीत दिलाएं। भाजपा के जिला महामंत्री अजीत सिंह बब्बन के संचालन में हुए इस चुनावी सभा को पूर्व मंत्री नरेश अग्रवाल,सांसद अशोक बाजपेई, भाजपा प्रत्याशी रजनी तिवारी,सहित अनेक भाजपा नेताओं ने संबोधित किया।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सौरभ मिश्र नीरज,ब्लॉक प्रमुख त्रिपुरेश मिश्र,पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्र नवनीत गुप्ता,अमित मिश्र,राजेंद्र प्रसाद मिश्र,भूरे त्रिवेदी,रोली प्रजापति,राम दास गुप्ता, सत्येन्द्र श्रीवास्तव,अनुराग श्रीवास्तव,वेदराम राजपूत,मनोज वर्मा,लालाराम राजपूत,संजीव गौतम सहित हजारों की संख्या में लोगों ने योगी को उत्साहपूर्वक सुना।

गहना कोठी के घर में घुसकर पुलिस के तांडव के खिलाफ स्वर्ण भारत एकता मंच आया आगे

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जौनपुर जिला के स्वर्ण व्यवसायी गहना कोठी के मालिक विनीत सेठ के रासमंडल निवास पर 20/02/2022 को समय लगभग 11:30 बजे देर रात को (गहना कोठी) के घर में घुसकर पुलिस द्वारा सीसी कैमरा तोड़ने, दरवाजा को तोड़ने व सामान को तोड़ते हुए घर में उपस्थित सदस्यों को गाली देते हुए मारने पीटने व मुकदमे में फंसाने की धमकी देते हुए घर के कुछ सदस्य को जबरदस्ती अपने साथ लिया गए जैसे वे व्यवसायी सब गुंडा बदमाश हैं पुलिस की इस व्यवहार से स्वर्ण समाज बहुत ही आक्रोशित व चिंतित है स्वर्ण भारत एकता मंच के युवा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक जौनपुर और एसपी सिटी डॉ संजय कुमार तथा जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा को पत्रक दे कर इस घटना निम्न मांग किया इस घटना का निष्पक्ष जांच किसी जिला स्तरीय अधिकारी से कराया जाए । इस घटना में शामिल पुलिसकर्मी को तत्काल लाइन हाजिर व कार्य मुक्त किया जाए। थाने में बैठे हुए गहना कोठी के परिवार वाले को तत्काल छोड़ा जाए। दोषी पुलिसकर्मी के ऊपर मुकदमा पंजीकृत किया जाए।

गहना कोठी के परिवार वाले पर किसी प्रकार का मुकदमा पंजीकृत नहीं कराया जाए। इस मांग पर तेजतर्रार एसपी सिटी डॉक्टर संजय कुमार ने भरोसा दिया कि स्वर्ण व्यापारी के साथ किसी प्रकार का कोई अन्याय नहीं होगा उपरोक्त मांग पर जल्द ही निस्तारण किया जाएगा इस अवसर पर शुभ सेठ (राष्ट्रीय अध्यक्ष हिंदू एकता संगठन), संदीप सोनी, शुभम सेठ (रूहट्टा), संजू सेठ (नगर अध्यक्ष), सुरेश सेठ, राजा सेठ संगम सेठ आदि लोग मौजूद रहे।

शहीद की शव यात्रा में उमड़ा जन सैलाब : पांच किमी लंबे अंतिम सफर में लोगों ने बरसाए फूल

देवरिया ब्यूरो : देवरिया जिले के शहीद संतोष यादव का पार्थिव शरीर सोमवार को उनके गांव पहुंचा। शव यात्रा में जनसैलाब उमड़ गया। सुबह छह बजे रुद्रपुर में पार्थिव शरीर को लेकर पहुंची सेना की गाड़ी को देखते ही शहीद संतोष अमर रहे का नारा गूंजने लगा। करीब पांच किलोमीटर लंबी शव यात्रा के दौरान लोग फूल बरसा कर अमर शहीद को नम आंखों से श्रद्धांजलि देते रहे। सड़क के दोनों तरफ रुद्रपुर के लाल का अंतिम दर्शन करने को महिलाओं की भीड़ लग गई। बता दें कि जम्मू कश्मीर के शोपियां में सेना और आंतकियों के बीच हुई मुठभेड़ में रुद्रपुर का लाल शहीद हो गया था। शनिवार की सुबह सेना के सर्च ऑपरेशन के दौरान हुई घटना में सेना के हवलदार रुद्रपुर के टड़वा के बरईपार गांव निवासी संतोष यादव को गोली लग गई थी। कुछ देर बाद वह शहीद हो गए थे। शहीद संतोष का सपना पूरा करेंगी पत्नी धर्मशीला अमर शहीद संतोष यादव की पत्नी धर्मशीला शहीद के सपनों को पूरा करेंगी। उन्होंने कहा कि संतोष का सपना था कि उनकी दोनों बेटियां डॉक्टर बनें। वह आठ साल की पलक और छह साल की जाह्नवी को डॉक्टर बनाने के लिए शुरू से अच्छे संस्थान में दाखिला कराना चाहते थे। शहीद की पत्नी ने सरकार से मांग की है कि दोनों बेटियों को चिकित्सा शिक्षा दिलाने के लिए सुविधा मुहैया कराई जाए। उन्होंने शहीद के सपने को पूरा करने लिए खुद की सरकारी नौकरी की मांग की है। कहा है कि वह अपने पति की शहादत को व्यर्थ नहीं जाने देना चाहती हैं। उनके सपनों को पूरा करना ही मेरे जीवन का अंतिम उद्देश्य है। बहन

को खाए जा रहा भाई के जाने का गम अमर शहीद संतोष यादव की छोटी बहन माया की हालत नाजुक हो गई है। वह भाई की शहादत की खबर मिलने के बाद से ही सुधबुध खो चुकी है। रविवार को उसकी हालत इतनी बिगड़ गई कि अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। डाक्टर उसे ड्रिप चढ़ा रहे हैं। वह सदमे में है। शहीद की तीन बहनें हैं। दो की शादी हो चुकी है। छोटी बहन माया अविवाहित है। पैतृक गांव में मातम का माहौल अमर शहीद संतोष के पिता शेषनाथ एकौना थाना क्षेत्र के सचौली पटवनिया गांव के मूल निवासी हैं। वह वर्ष 1998 की बाढ़ के बाद अपने ससुराल टड़वा में बस गए। संतोष यादव की शहादत से उनके पैतृक गांव में मातम का माहौल है। सचौली पटवनिया के लोग टड़वा पहुंचकर शेषनाथ को ढांढस बंधा रहे हैं।

न्यायालय को खोलने एवं कार्य करने के सम्बन्ध में नवीन दिशा–निर्देश निर्गत : पीठासीन अधिकारी वाहन दुर्घटना दावा अधिकरण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पीठासीन अधिकारी वाहन दुर्घटना दावा अधिकरण ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया है कि महानिबन्धक, माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के अनुसार कोविड–19 से सम्बन्धित न्यायालय को खोलने एवं कार्य करने के सम्बन्ध में निर्गत पूर्व के समस्त दिशा–निर्देशों का अतिक्रमण करते हुए नवीन दिशा–निर्देश निर्गत किया गया है, जो दिनांक 14 फरवरी 2022 से अग्रिम आदेश तक प्रभावी रहेगा। न्यायिक कार्य के सम्बन्ध में मार्गदर्शक बिन्दु निम्नवत् है :– इस अधिकरण के न्यायिक एवं प्रशासनिक कार्यों को समय समय पर निर्गत प्राविधानों, नियमावली, मार्गदर्शन एवं परिपत्रों में वर्णित उपबन्धो के अनुसार किया जायेगा। अधिकरण के परिसर में कोई कोविड धनात्मक केस पाये जाने पर कोर्ट बन्द नही किया जायेगा। जिलाधिकारी व अन्य प्रशासनिक अधिकारियों और सी०एम०ओ०/सी०एम०एस० की मदद से कोर्ट के सम्पूर्ण सेनेटाइजेशन के पश्चात कार्य किया जायेगा। यदि जिला प्रशासन/सम्बन्धित मुख्य चिकित्साधिकारी के स्तर से यह आख्या प्राप्त होती है कि किसी विशेष अवधि के लिए अधिकरण परिसर कोविड–19 महामारी के कारण बन्द किया जाय तो प्रश्नगत अवधि तक के लिए परिसर बन्द रखा जायेगा और विशिष्ट कारणों का उल्लेख करते हुए सूचना माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद को प्रेषित की जायेगी। इस अधिकरण के समस्त विद्वान अधिवक्तागण एवं कर्मचारीगण को निर्देशित किया जाता है कि वे हर सम्भव प्रयास करते हुए यह सुनिश्चित करें कि अधिकरण में कार्यवाही के दौरान एक समय में कम से कम पक्षकारों/अधिवक्तागण उपस्थित रहें, परन्तु मामलों में पक्षकारों की उपस्थिति को नहीं रोका जायेगा, जबतक की कोई बीमार न हो। शारीरिक दूरी के नियम के अनुपालन के लिए निर्देशित किया जा सकता है। इस अधिकरण के समस्त कर्मचारीगण को निर्देशित किया जाता है कि वे यह सुनिश्चित करायें कि अधिकरण परिसर में प्रवेश करने वाले प्रत्येक व्यक्ति द्वारा मास्क का उपयोग किया जाय तथा प्रवेश द्वार पर सैनेटाइजर की व्यवस्था कराया जाना सुनिश्चित करें। अधिकरण में सोशल डिस्टेसिंग के नियम एवं मास्क के उपयोग का कड़ाई से अनुपालन कराया जाना सुनिश्चित करें। अधिकरण से सम्बन्धित समस्त विद्वान अधिवक्तागण से उपरोक्त वर्णित दिशा–निर्देशों के सम्बन्ध में सार्थक परिचर्चा के उपरांत दिशा–निर्देशा का कड़ाई से अनुपालन किया जाना सुनिश्चित किया जाय, साथ ही यह भी अपेक्षित है कि न्यायालय कक्ष में वे ही अधिवक्ता एवं पक्षकार उपस्थित हो, जिनके बाद उक्त दिवस को सूचीबद्ध है और कार्य समाप्त होने के पश्चात अपने गतंव्य के लिए अधिकरण से शीघ्र ही प्रस्थान करें। इस अधिकरण से सम्बन्धित लोगों को निर्देशित किया जाता है कि उनके द्वारा माननीय सर्वोच्च न्यायालय/उच्च न्यायालय, इलाहाबाद की न्यायिक साइट एवं भारत सरकार तथा राज्य सरकार द्वारा कोविड–19 के समस्त निर्देशों एवं मार्गदर्शन का अनुपालन किया जाना सुनिश्चित करें।

प्राथमिक विद्यालय घुरहुपुर का छात्रावास जर्जर : कैसे होगा मतदान

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : स्थानीय विकास खंड के घुरहुपुरका प्राथमिक विद्यालय जर्जर हो गया है जब कि इस विद्यालय में 190 बच्चे अपनी जान जोखिम में डालकर शिक्षा लेने आते है विद्यालय इतना जर्जर है कि कब विद्यालय की दीवाल भरभरा कर गिर जायेगा इसकी कोई गारंटी नहीं है जबकि बताया गया कि यहां मतदान भी होता है घुरहुपुर बूथ संख्या 95 है सात मार्च को इसी विद्यालय में क्षेत्र की जनता मतदान करने आयेगी कहीं मतदान के समय यह जर्जर विद्यालय भरभरा के गिर गया तो बहुत बड़ी घटना हो सकती है प्रधानाध्यापक राजबहादुर यादव से फोन से बात पर उन्होंने कहा कि इसकी लिखित सूचना कई बर खंड शिक्षा अधिकारी मुफ्तीगंज को अवगत करा दिया गया है यदि कोई घटना दुर्घटना होती है तो इसके जिम्मेदार शासन प्रशासन होगाद्य गांव के प्रधान पति प्यारे लाल ने भी जर्जर होने की बात बताई है ।खण्ड शिक्षाधिकारी इसके पहले जो रहे वह भी एक हफ्ते में ठीक हो जाने जाने की बात कहकर नही ठीक कराये । गांव के लोग अपने बच्चों को भेजने में बहुत ही अंदेशा जता चुके है जिसको प्रधाना अध्यापक ने अब बन जाएगा तब बन जाने की बात बताकर बार बार लिखा पढ़ी कर चुके हैं।

शौचालय में ताला बंद होने से यात्रियों को दिक्कत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मुंगराबादशाहपुर के रेलवे स्टेशन पर बने शौचालय में ताला बंद होने से यात्रियों सहित लोगों को ढेर सारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता हैद्यलोगों को शौच क्रिया के लिए बाहर जाना पड़ता है।उसमें खास तौर से महिलाओं के लिए और दिक्कतें बन गया हैद्यउन्हे शौच के लिए खुले आसमान में जाना पड़ता है।जो रेलवे प्रशासन को शर्मसार कर दिया है। लोगों का कहना है कि शौचालय की समुचित साफ सफाई की व्यवस्था नही है।पेयजल के लिए इंडिया मार्क हैण्डपंप लगा है। वह भी बहुत दिन से खराब पड़ा हुआ हैद्यइस संबंध में स्टेशन अधीक्षक आर बी राम ने बताया कि ताला इस लिए बंद रहता है ताकि लोग गंदगी न फैलाएं। खराब हैण्डपंप को बनवाने के लिए इंजीनियर को पंत्र भेजा गया है।

आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dku live चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

बीच ट्रैक पर टैक्टर फंसा : डेढ घंटे जाम जहा रुट

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जंघई– प्रयागराज रेल खंड पर रविवार रात देर शाम सात बजे एक ट्राली सहित ट्रैकटर के असवां के पास रेल ट्रैक मे फंसने से बडा हादसा होने से बच गया मौके पर पहुची आरपीएफ ने डेढ घंटे मे रुट क्लीयर कराया । तब तक एजेंट पैसेन्जर जंघई स्टेशन पर खडी रही। जंघई जंक्शन रेलवे स्टेशन व बरियारपुर स्टेशन के बीच असवां गाँव के पास रविवार देर शाम एक मिट्टी लादकर ट्रैक पार कर रहा ट्रैक्टर बीच रेल ट्रैक पर फंस गया ट्रैक पर ट्रैक्टर के फंसने पर ट्रैक्टर ड्राइवर ने टैक्टर को निकाले का प्रयास किया पर नही निकला वह टैक्टर छोड फरार हो गया इसी बीच कुछ ग्रामीणो ने इसकी जानकारी आरपीएफ जंघई को दी तो आरपीएफ इन्सपेकटर हकुम सिह जवानो के साथ मौके पर आठ बजे रात पहुच कर ग्रामीणों की मदद से टैक्टर को नौ बजे बाहर निकाल कर रास्ता साफ कराया इस दौरान एजें पैसेन्जर जंघई स्टेशन पर आधे घंटे खडी रही रेल ट्रैक लगभग डेढ घंटे तक बाधित रहा। आरपीएफ ने ट्रैक्टर को कब्जे मे ले लिया और अज्ञात ड्राइवर के खिलाफ पैसेन्जर की जान लेना,रेल दुर्घटना का प्रयास करना रेलवे की एरिया मे बिना अनुमति के घुसना की धाराओं मे मुकदमा दर्ज किया है। आरपीएफ इन्सपेक्टर जंघई हकुम सिह ने बताया टैक्टर कब्जे मे लेकर मुकदमा दर्ज किया गया है।

चैनल व ताला तोड़कर विद्यालय में चोरी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मछलीशहर कोतवाली क्षेत्र के चोरहा प्राथमिक विद्यालय में चौनल तथा दरवाजा का ताला तोड़कर इन्वर्टर, बैटरी, गैस सिलिंडर चूल्हा बच्चों की थाली एवम वाई–फाई संयंत्र की बैटरी चोर उठा ले गए। उक्त की सूचना प्रधानाध्यापक श्री प्रकाश दुबे ने थाने पर दे दिया है। प्रधानाध्यापक ने बताया कि वह सुबह 8 बजे विद्यालय पहुचे तो देखा कि चौनल का तथा अंदर दरवाजे के टाला टूटा है। अंदर रखा बॉक्स तथा लोहे की आलमारी का भी ताला टूटा पड़ा था। अंदर रखे गए कागजात विखरे पड़े थे। जिसमें कुछ विद्यालय का कागज भी गायब था। घटना की सूचना थाने पर दे दिया है।

दस घंटे भी नही चली सड़क ग्रामीणो ने किया प्रदर्शन

जौनपुर डीकेयू कार्यालय प्रतिनिधि प्रत्यान्शु तिवारी : जौनपुर क्षेत्र के मैरा दखान गांव में मानक के विपरीत बन रही सड़क से नाराज ग्रामीणो ने कार्य रोककर सड़क का कार्य रुकवा दिया गौराबादशाहपुर बाजार से रामपुर मुफ्तीगंज मार्ग कई माह से जर्जर हो चुका था कई बार स्थानीय लोगो ने इस सड़क को बनवाने हेतु

जनप्रतिनिधियों से मांग की रविवार को अचानक कार्य शुरू करवा दिया गया जब सोमवार की सुबह लोगो ने देखा तो सड़क पर तारकोल नाम मात्र का था गिट्टियां अलग अलग हो जा रही दस घण्टे में ही सड़क की स्तिथि पूर्व की तरह हो गई स्थानीय लोगो ने इसकी सूचना विभाग को देते हुए कार्य रुकवा दिया और प्रदर्शन किया इस अवसर दिलीप सिंह लवकुश राम डॉ कबिलाश यादव ओम प्रकाश यादव बप्पी लहरी रविकांत यादव राजेश राय मोनू राय मिठाई लाल यादव सचिन यादव सूरज यादव गुल्लू यादव सन्दीप यादव (भाटे) आदि लोग मौजूद रहे पूछे जाने पर जेई अवधेश कुमार गुप्ता का कहना है कि ठेकेदार द्वारा बिना बताए कार्य शुरू किया गया ग्रामीणो द्वारा शिकायत मिली की सड़क का कार्य सही ढंग से नही हो रहा है कार्य रुकवाया जा रहा है।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

वह अच्छाई जो बुरा करनें वाले को मदद करे, अच्छाई नहीं होती।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

सम्पादकीय

'मार्कंडेय भवन' और क्रांतिकारी राजकुमार सिन्हा

कानपुर के माल रोड पर 'मार्कंडेय भवन' की इमारत को खोजना अब कठिन कवायद है। वे निशानात भी पूरी तरह धुंधला गए हैं, जिनके जरिये जाना जा सके कि बाबू मार्कंडेय दास के उस मकान का क्या हुआ, जिसमें उनकी पत्नी शरत कुमारी सिन्हा अपने विप्लवी हौसले से दोनों बेटों को मुक्ति–संग्राम का बड़ा योद्धा बना सकीं। कानपुर इस वीर मां को भी विस्मृत कर चुका है और उन बेटों को भी, जिन्होंने अपने रक्त से क्रांति की इबारत लिखकर इस शहर को इतिहास में जगह दी। इस मां के बेटे राजकुमार सिन्हा को काकोरी मामले में दस साल की सजा हुई थी और छोटे विजय कुमार सिन्हा को भी भगत सिंह वाले मुकदमे में काला पानी का हुक्म सुनाया जा चुका था। दोनों भाई अपनी–अपनी जेलों में भूख हड़ताल पर थे। यह जानकर एक युवा शिवकुमार मिश्र इस मां के पास पहुंचकर रोने लगे। मां ने डांटते हुए कहा, 'कैसा क्रांतिकारी है, जो रोता है? मेरी ओर देख। मैं दो बाघों की मां हूं। मेरे बेटे जेल में अनशन पर हैं। फिर भी मैं खुश हूं।' कभी देश के विप्लवियों का केंद्र और आश्रयस्थल रहे इस घर की, जो अब दफन हो चुका है, मिट्टी को स्पर्श करना मेरी ख्वाहिश था।

राजू दा की बहन सुशीला घोष की क्रांतिकारी संग्राम में भागीदारी को भी आज कौन जानता है! लाहौर केस की फांसियों के बाद 'भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव मेमोरियल फंड में आर्थिक श्रद्धांजलि दीजिए' शीर्षक से सुशीला जी ने देशवासियों के नाम एक मार्मिक अपील निकाली थी, जिसमें उनका पता एमडी सिन्हा भवन, माल रोड, कानपुर छपा था। बाद में जब राजकुमार और उनके तीन साथी बरेली के केंद्रीय कारागार में अनशन पर थे, तब इस बहन का जीवट फिर देखने को मिला था। चार–पांच वर्ष पूर्व मेरे पास अमेरिका से राजू दा की पुत्री का फोन आया। फिर बर्लिन से प्रदीप घोष ने, जो सुशीला घोष के बेटे हैं, ई–मेल के जरिये संपर्क किया। मैंने उन्हें बरेली और आगरा की केंद्रीय जेलों में राजकुमार सिन्हा के नाम पर बनवाए गए स्मृति–द्वारों के चित्र भेज दिए, पर 'मार्कंडेय दास भवन' का जमींदोज होना हमें

प्रतिपल पीड़ा देता है। कोई शहर इस कदर बदलते जाने को अभिशप्त क्यों है कि अपने इतिहास के निशानों को ही मिटता देखता रह जाए!

राजू और विजय दा की प्रारंभिक शिक्षा कानपुर के बंगाली स्कूल और क्राइस्ट चर्च कॉलेज में हुई। बाद में राजू दा विज्ञान की पढ़ाई के लिए काशी गए, तो किताबों के साथ क्रांतिकारियों का भी साथ मिला। उन्होंने दिल्ली की कांग्रेस में हिस्सेदारी की। उन्होंने बांग्ला में एक निबंध लिखा, 'राष्ट्रीय आंदोलन और छात्रों का कर्तव्य', जिसे छात्र परिषद के एक अधिवेशन में पढ़े जाने के बाद अदालत में पेश किए जाने पर राजद्रोहात्मक बताया गया। यही वह बुनियाद थी, जो फिर दरकी नहीं। काकोरी केस से उनको जोड़े जाने का आधार बनारस में उनके कमरे से बरामद चीजों को बनाया गया, जिनमें दो रायफलें, दारोगा का झब्बा और पगड़ी थी। पुलिस ने साबित करने का प्रयास किया कि इनमें से एक रायफल का इस्तेमाल मैनपुरी मामले में किया गया था। गिरफ्तारी के बाद कानपुर और लखनऊ जेल में उन्हें रखा गया तथा उन पर दबाव डाला गया कि अपना कबूलनामा पेश कर दें, पर राजू दा झुके नहीं। तभी उन्हें अपने पिता के निधन का समाचार मिला। जेल जीवन में उन्होंने रूसी, चीनी और जर्मन भाषाएं सीख लीं। बाहर आकर भी मजदूर आंदोलन और कांग्रेस में उनकी सक्रियता निरंतर बनी रही और व्यक्तिगत सत्याग्रह में भी उन्होंने भाग लिया। फिर नेताजी सुभाष से प्रभावित हो वह 'फॉरवर्ड ब्लॉक' में चले गए। नेताजी जब कानपुर आए, तब राजू दा के कराचीखाना वाले मकान पर उनकी वीर मां शरत कुमारी सिन्हा के प्रति आदर व्यक्त करने पहुंचे थे। तब राजू दा और विजय दा जेलों में थे।

वर्ष 1937 में रिहाई के बाद एक बंगाली युवती प्रकृति से राजू दा का विवाह हुआ। नेताजी सुभाष कलकत्ता के उस आयोजन में उपस्थित थे। मेरे पास यही एक यादनामा बचा है, जिसे मैं सीने से चिपकाए बैठा हूं। बयालीस में पकड़े जाने पर वह चार साल नजरबंद रहे। आजादी के बाद भी राजू दा संग्रामी बने रहे। मैं बार–बार किसी बुजुर्ग कानपुरिये से यह पूछना चाहता हूं कि क्या उनकी आंखों में कराचीखाना के आसपास अपनी साइकिल पर हर रोज आते–जाते हुए राजू दा की कोई छवि है। मैं राजू दा का लिखा हुआ भी तलाश रहा हूं, जिनके कुछ अंश 1937 में सैनिक में छपे थे। रूस, चीन आदि कम्युनिस्ट देशों के प्रशंसक रहे राजू दा गरीब और शोषित जनता के आजीवन पक्षधर बने रहे और उन्होंने 'वारान्निकोव रूसी प्रशिक्षण मंदिर' की स्थापना भी की। वह एक सुमधुर गायक भी थे।

18 दिसंबर, 1972 को राजू दा के निधन के बाद उनकी पत्नी को सेन बालिका विद्यालय, कानपुर की पूर्व अध्यापिका होने के आधार पर 300 रुपये पेंशन से गुजर–बसर करनी पड़ी। मुझे नहीं पता कि प्रकृति कब तक जीवित रहीं। सुना कि उनकी आंखों के सामने ही पुत्र भास्कर सिन्हा मात्र 52 की उम्र में चल बसे थे। आजादी के बाद राजू दा की जिंदगी का पच्चीस साल का लेखा–जोखा हमें बहुत विचलित करता है। वह कभी डीएवी कॉलेज, आईआईटी, डिफेंस लैब, तो किसी समय डीआरएलएम में क्लास लेने हर मौसम में साइकिल से आते–जाते रहे और 67 की उम्र में एक दिन हमें अलविदा कह दिया। कानपुर अपने इस आजीवन विप्लवी के सम्मान में एक 'जयगान' नहीं रच सका। उनके नाम का कोई पत्थर तक शहर के किसी इलाके में नहीं है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

कांग्रेस पार्टी प्रदेश की सर्वाधिक सीटों पर जीत हासिल कर सरकार बनाने का काम करेगी : दीपेंद्र हुड्डा

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। कांग्रेस पार्टी के स्टार प्रचारक एवं सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने लखनऊ कैंट विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी दिलप्रीत सिंह डीपी के समर्थन में दिलप्रीत सिंह डीपी के साथ उदयगंज से लेकर चारबाग तक जनसंपर्क कर कांग्रेस पार्टी को विजयी बनाने की अपील किया। इस अवसर पर सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने कहा उत्तर प्रदेश लगातार बदहाली की व्यवस्था से जूझ रहा है सपा, बसपा और भाजपा की सरकारों ने उत्तर प्रदेश की जनता को सिवाय लूटने का काम किया है, प्रदेश की उन्नति और तरक्की सिर्फ और सिर्फ कांग्रेस की ही विचारधारा में निहित है अतः उत्तर प्रदेश के लोग इस बार बदलाव को मन बना चुके हैं और कांग्रेस की तरफ आशा भरी निगाहों से देख रहे हैं। निश्चित रूप से

कांग्रेस पार्टी प्रदेश की सर्वाधिक सीटों पर जीत हासिल कर सरकार बनाने का काम करेगी।

यूपी के रण में ध्रुवीकरण से तय होगी हार–जीत

लखनऊ ब्यूरो : लखनऊ की पश्चिम विधानसभा सीट पर इस बार जीत–हार के समीकरण ध्रुवीकरण से ही तय होगा। मुस्लिम मतदाताओं की बहुलता के कारण उनके रुख पर सबकी नजरें हैं। सपा, बसपा और कांग्रेस ने मैदान में मुस्लिम उम्मीदवार उतारे हैं। सपा मुस्लिम और पार्टी के परंपरागत मतदाताओं को जोड़कर जीत की राह देख रही है। वहीं, भगवा खेमे की नजर मुस्लिम वोटों के बंटवारे पर है। भाजपा इसके साथ ही ध्रुवीकरण से सीट पर कब्जा बरकरार रखने की आस लगाए हुए है। राजाजीपुरम कॉलोनी व पुराने लखनऊ के साथ ही हरदोई रोड के आसपास नव विकसित इलाकों वाली इस सीट पर 2017 में भाजपा के सुरेश श्रीवास्तव ने जीत दर्ज की थी। उससे पहले अगर चलें तो 2012 में सपा के रेहान नईम जीते थे। 2012 में परिसीमन होने से पहले विधानसभा क्षेत्र में राजाजीपुरम कॉलोनी नहीं आती थी। पूरा पुराना लखनऊ इसी सीट में था। यहां पूर्व राज्यपाल व सांसद रहे भाजपा के लालजी टंडन लंबे अरसे तक जीत दर्ज कराते रहे। बाद में राजाजीपुरम, सआदतगंज आदि इलाके पश्चिम में शामिल होने के बाद भाजपा में इसे कायस्थ बहुल सीट बताते हुए प्रतिनिधित्व मांगा गया और मध्य से लड़ने वाले सुरेश श्रीवास्तव यहां से चुनाव लड़ने लगे। कोविड काल में उनके निधन के बाद भाजपा में फिर से कायस्थ उम्मीदवार की मांग उठी। पार्टी ने कायस्थ के लिए ही सीट रिजर्व रखते हुए पुराने कार्यकर्ता अंजनी श्रीवास्तव को उम्मीदवार बनाया। चूंकि, टिकट के लिए पार्टी से इस बार कई दावेदार थे और सफलता न मिलने से खिन्न हैं। ऐसे में वे खुद तो प्रत्याशी के साथ दिख रहे हैं, लेकिन उनके समर्थक गायब हैं। सपा ने पिछली बार बसपा से चुनाव लड़े अरमान खान को उम्मीदवार बनाया है। अरमान के लिए कहा जा रहा है कि वह पूरे पांच साल क्षेत्र में सक्रिय रहे। यही नहीं जरूरतमंदों के लिए मदद करने और हिंदू–मुस्लिम दोनों वर्गों के धार्मिक आयोजनों में सहयोग किया। इसलिए उनकी लोगों के बीच व्यक्तिगत पैठ बतायी जा रही है। हालांकि, उनको टिकट दिए जाने पर पूर्व विधायक रेहान के खेमे ने नाराजगी भी जतायी थी। व्यापारी उमेश के अनुसार सपा, भाजपा दोनों में अंदरखाने विरोध चल रहा है। अगर आपसी विरोध जारी रहा तो प्रत्याशियों को नुकसान होगा। जैसा माहौल है उसमें भाजपा और सपा में ही मुकाबला होता नजर आ रहा है। मुस्लिम मतदाता ज्यादा हैं, लेकिन सपा, बसपा और कांग्रेस–तीनों के प्रत्याशी मुस्लिम होने से वोटों का बंटवारा होता दिख रहा है। बसपा ने यहां से पांच बार ग्राम प्रधान रह चुके कायम रजा खान को मैदान में उतारा है। कायम रजा भी लंबे अरसे से लोगों की मदद और समाजसेवा में जुटे रहे हैं। वहीं, कांग्रेस ने शहाना सिद्दीकी को प्रत्याशी बनाया है। शहाना के पति नईम सिद्दीकी प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष रह चुके हैं। राजाजीपुरम निवासी प्रदीप सिंह कहते हैं कि इस बार क्षेत्रीय मुद्दों पर कोई चर्चा हो नहीं रही है। चुनाव की बात करें तो यह सिर्फ हिंदू–मुस्लिम के आधार पर चल रहा है। अगल–बगल की सीटों पर अलग–अलग समीकरण पश्चिम विधानसभा से सटी सीटों में लखनऊ मध्य व मलिहाबाद हैं। चुनाव में इस बार मध्य में भी पश्चिम की तरह भाजपा–सपा में मुकाबला दिख रहा है। वहीं, मलिहाबाद में केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर की पत्नी व वर्तमान विधायक जयदेवी कौशल चुनाव लड़ रही हैं। यहां भी मुकाबला भाजपा व सपा में है।

बीकापुर विधानसभा में बसपा के प्रति ब्राह्मण मत खिसकने से गड़बड़ाया चुनावी समीकरण

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)जिले के बीकापुर विधानसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी देवकाली मंदिर अयोध्या के महंत सुनील पाठक राजनीतिक विशेषज्ञों के मुताबिक मुख्य चुनावी मुकाबले में हो गए हैं।सूत्र के मुताबिक बीकापुर में सबसे अधिक संख्या दलित मतदाताओं की है।इसके अलावा करीब 50,000 ब्राह्मण मतदाता शामिल हैं।यहाँ पर अगर ध्यान दे तो बसपा के पारंपरिक दलित मतदाताओं के अलावा बीकापुर विधानसभा क्षेत्र में ब्राह्मण मतदाता निर्णायक माने जाते हैं। विधानसभा चुनाव में बसपा प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने के लिए कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने पूरी ताकत झोंक दी है।वही नुक्कड़ सभाओं के अलावा विधानसभा क्षेत्र के तमाम जगहों पर डोर टू डोर जनसंपर्क किया जा रहा है। अभी तक बीकापुर में चुनावी लड़ाई त्रिकोणात्मक बताई जा रही थी। लेकिन अब ब्राह्मण मतदाताओं का आकर्षण सुनील पाठक के प्रति बढ़ रहा है।बसपा प्रत्याशी सुनील पाठक को अन्य बिरादरी के मतदाताओं का समर्थन भी मिलने की संभावना जताई जाने लगी है।सत्ता विरोधी मत भी अपने पाले में करने के लिए बसपा से जुड़े लोग जुटे हुए हैं। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि अगले कुछ दिनों में तस्वीर पूरी तरह स्पष्ट हो जाएगी। सपा प्रत्याशी फिरोज खान गब्बर भी मुख्य मुकाबले में शामिल है। सपा के पारंपरिक मतों के अलावा सपा के घोषणा पत्र के सहारे अपनी जीत को सुनिश्चित मानकर चल रहे हैं।वही

भाजपा प्रत्याशी डॉ अमित सिंह चौहान को भाजपा के परंपरिक मतों, भाजपा की जन कल्याणकारी योजनाओं तथा पिछले 5 वर्ष में कराए गए विकास कार्य के चलते हर वर्गों का समर्थन मिलने की उम्मीद उनके समर्थकों द्वारा जताई जा रही है।जबकि बसपा समर्थकों और कार्यकर्ताओं द्वारा बसपा के पारंपरिक मतों को सहेजने एवं बिखरने से रोकने के लिए गांव गांव बसपा से जुड़े कैडर के लोगों की बैठक करके पूरा जोर लगाया जा रहा है।यदि बसपा समर्थकों का दावा सही हुआ तो बसपा एक बार फिर बीकापुर में 2007 का इतिहास दोहरा सकती है।विधानसभा 2007 के चुनाव में बीकापुर से बसपा के टिकट पर जितेंद्र सिंह बबलू चुनाव जीते थे। तब तारुन विकासखड क्षेत्र भी बीकापुर विधानसभा में शामिल था लेकिन 2012 में नए परिसीमन के बाद भौगोलिक समीकरण बदला है। कांग्रेस के युवा प्रत्याशी अखिलेश यादव के समर्थक भी चुनाव परिणाम को अपने पक्ष में बता रहे हैं। तथा सभी वर्गों का समर्थन मिलने का दावा कर रहे हैं।

यातायात पुलिस के लोगों ने वाहनों पर स्टिकर लगाकर मतदान के लिए किया जागरूक

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : 23 फरवरी हमें याद है क्या आपको याद है? 23 फरवरी को विधानसभा के लिए होने वाले मतदान को शतप्रतिशत का लक्ष्य लेकर चल रहे जिला अधिकारी अविनाश कुमार के नेतृत्व में जिले में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है इसी कड़ी में श्री डाल सिंह मेमोरियल स्कूल के बच्चों ने अपने बड़ों से 23 फरवरी को वोट जरूर जरूर डालने की अपील की है ।इसके अलावा यातायात पुलिस द्वारा शहर के सोल्जर बोर्ड चौराहा सिनेमा चौराहा सहित प्रमुख चौराहों पर दो पहिया चार पहिया ई–रिक्शा आदि पर मतदाता जागरूकता स्टिकर लगाकर सभी को 23 फरवरी को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अलावा जिला विद्यालय निरीक्षक वीके दुबे ने दो

पहिया तथा चार पहिया वाहनों पर जागरूकता स्टीकर लगाकर सभी को मतदान करने के लिए प्रेरित किया श्री लाल सिंह मेमोरियल स्कूल के प्रबंधक अखिलेश सिंह ने भी सभी अभिभावकों से 23 फरवरी को शतप्रतिशत मतदान करने का अनुरोध किया।

जांबिया देश हुआ भगवामय : जय श्री राम के नारे से गूंज उठा जाम्बिया देश

लुसाका, जाम्बिया (विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी) : जांबिया देश की राजधानी लुसाका मे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी जी के समर्थन में एक कार रैली निकाली गयी रैली में उत्तर प्रदेश समेत भारत वर्ष के अन्य राज्यों के लोगों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। भारतीय मूल के लोगों ने हिंदुत्व को जगाने और जिंदा रखने के लिए लगभग ढाई किलोमीटर लंबी कार रैली निकाली। रैली में 'जयश्री राम' '' योगी मोदी जिंदाबाद' के नारों की गूंज होती रही। रैली मेंहिंदुत्व एवं सनातन की रक्षा हेतु और राष्ट्रहित में योगी जी को पुनः मुख्यमंत्री बनाने की अपील की गयी, रैली में लोगों का उत्साह देखते ही बनता था। रैली शहर के जिन हिस्सों से, निकली, वहां का माहौल भगवा होता गया मनोज तिवारी, कन्हैया मित्तल और निरहुआ के गानों पर जाम्बिया के मूल निवासी भी झूम उठे। ''जो राम को लाये हैं'','' चाहें जितना जोर लगा लो'', ''भगवा रंग चढ़ने लगा है'', गानों ने लोगों में जोश भर दिया । और भोजपुरी कलाकारों के गीतों के माध्यम से यहां के नागरिक भी झूमने पर मजबूर हो गए साथी साथ एक सनातन धर्म का ऐसा संदेश इस रैली के माध्यम से दिया गया जिससे जरूर ही कुछ ना कुछ उत्तर प्रदेश में बदलाव होगा इसी उद्देश्य को लेकर के यहां पर भारत में रहने वाले भारतीयों ने इस कार यात्रा को सफल बनाया भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे बढ़–चढ़कर लोगों ने अपनी भागीदारी जताई रैली के उपरांत लोगों ने अपनी अपनी प्रतिक्रियाएं दी विचार विमर्श की और अपने सहयोगी संबंधियों से यह निवेदन भी किया कि आप सभी यूपी के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को पुनः मुख्यमंत्री बना करके विधानसभा में

भेजने का कार्य करें जिससे उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाया जा सके. वहीं पर कार्यक्रम में उपस्थित चेतन सिंह राजावत ने कहा कि इतने दिनों तक हमें अन्य सरकारों में हिंदू कहने पर डर लगता था परंतु योगी आदित्यनाथ जी के आने से हिंदुत्व का विकास हुआ है जय श्री राम मंदिर अयोध्या जी कॉरिडोर काशी विश्वनाथ जी का निर्माण योगी आदित्यनाथ जी के सरकार में हुआ ऐसे बड़े फैसले किसी अन्य सरकारों ने नहीं उठाई इसलिए हम आप सभी से पुनः निवेदन करना चाहते हैं कि आप सभी योगी आदित्यनाथ जी को अपना बहुमूल्य मत देकर उन्हें विधानसभा भेजने का कार्य करें। इस अवसर पर सुषमा कुमार, सोनम दीक्षित, विनम्र मिश्रा, आलोक कुमार, श्रीकांत शर्मा, आलोक दीक्षित, रविकांत सिंह, कुज बिहारी दबे, नचिकेत, हितेश पटेल, मयंक मिश्रा,कौशल कुमार सिंह डॉ. मदन मौर्या, राजकुमार गुप्ता, सचिन पटेल, विपुल जाजल,धर्मेंद्र यादव, मनोज शर्मा, निशातं चतुर्वेदी प्रतीक अग्रवाल, प्रकाश , हरेश पटेश,सतीश, दीपक मिश्रा, मनोज सिंह,मृदुल मौर्या, रूपेश सिन्हा, अमरनाथ, सूरज मौर्य, लवली सिंह सहित अन्य लोग मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

राजकीय इंटर कालेज में मानव श्रृंखला बनाकर दिया मतदान का संदेश

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता) विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 में जनपद में शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रशासन कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहा है।मतदाता जागरूकता अभियान (स्वीप) के तहत जीआईसी परिसर में विभिन्न विद्यालयों के लगभग 700 बच्चों व अध्यापकों ने मानव श्रृंखला के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने का संदेश दिया।मानव श्रृंखला का मंडलायुक्त नवदीप रिणवा, जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार, एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय, नगर आयुक्त विशाल सिंह व सीडीओ अनिता यादव ने किया।इस मौके पर मंडलायुक्त ने कहा कि जिस हर्षोल्लास के साथ मदाता जागरूकता के इस मानव श्रृंखला में भाग लिया है उसी उत्साह एवं हर्ष के साथ सभी प्रतिभागी अपने घर, आसपास के क्षेत्रों के लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करें और प्रत्येक प्रतिभागी अपने आसपास के ऐसे 10–10 मतदाता जिन्होंने गत चुनाव में मतदान न किया हो को अनिवार्य रूप से मतदान करने को प्रेरित करें। कहा कि ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन कर समाज के अधिक से अधिक लोगों को मतदाता जागरूकता से जोडने को प्रोत्साहित किया जाए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि यह हमारे कर्तव्य निर्वहन करने की घड़ी है। सभी मतदाता पूर्ण रूप से निष्पक्ष होकर बिना किसी लोभ, लालच व दबाव के अपने अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें और अपने आसपास के लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य के अनुरूप कोई भी मतदाता अपने मताधिकार के प्रयोग से वंचित न रहे। पुलिस व प्रशासन निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से मतदान को सुनिश्चित कराने को संकल्पित है। कहा कि यदि कहीं पर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होता है तो तत्काल सूचना दें जिससे प्रभावी कार्रवाई की जा सके। नगर आयुक्त विशाल सिंह ने लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की है।

एक तरफा प्यार में डूबे बहनोई ने साली पर किया प्राणघातक हमला हालत गंभीर

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)जिले के खंडासा थाना अंतर्गत ग्राम चितौरा में एक तरफा प्यार में डूबे बहनोई ने साली पर प्राणघातक हमला कर दिया।मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कलंदरपुर थाना खंडासा निवासी बहनोई संदीप कुमार की शादी लगभग 6 वर्ष पूर्व स्वर्गीय श्री राम की पुत्री के साथ हुआ था।तब से संदीप कुमार ससुराल आया करता था।उसका साली पूजा से प्रेम प्रसंग में लगा रहा।परंतु पूजा अपने बहनोई संदीप कुमार के प्रेम जाल में नहीं आई।सूत्र के मुताबिक बहनोई द्वारा कुमारी पूजा पुत्री स्वर्गीय श्री राम आयु 24 वर्ष निवासी चितौरा थाना खंडासा जनपद अयोध्या पर धारदार हथियार से हमला कर दिया।वही घायल पूजा को परिजनों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खंडासा ले जाया गया।जहां उसकी हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने रात्रि ही जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।पीआरडी के जवान द्वारा रात्रि 11:50 पर जिला चिकित्सालय लाया गया जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर अनिल वर्मा ने हालत गंभीर देखते हुए पूजा को भर्ती कर उपचार किया।वही इस घटना को अंजाम देने के बाद बहनोई संदीप कुमार फरार हो गया।इस संबंध में खंडासा थानाध्यक्ष ने बताया कि अभियुक्त के पिता को थाना लाकर पूछताछ की जा रही है।घटना की तहरीर पीड़ित पूजा के भाई द्वारा थाने पर दे दी गई है परंतु अभी प्राथमिकी दर्ज नहीं हुई है पुलिस अभियुक्त की तलाश कर रही है।

गोशाईगंज सपा प्रत्याशी अभय सिंह की पत्नी सरिता सिंह अपने सुहाग की रक्षा के लिए जनता से कर रही अपील

अयोध्या। (सरवन कुमार नगर संवाददाता)जिले के गोशाईगंज विधानसभा से सपा प्रत्याशी व पूर्व विधायक अभय प्रताप सिंह की पत्नी सरिता सिंह ने परसावा महोला चरावां बाजार में जनसंपर्क के दौरान उनकी आंखों की आंसू जहां टपकती रही।इस दौरान हजारों की संख्या को देख सरिता सिंह भाव विभोर हो गई।उन्होने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी मेरे पति तथा निवर्तमान पूर्व विधायक समाजवादी पार्टी अभय सिंह के ऊपर निरंतर गोलीबारी व अनेक प्रकार से उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है।उन्होंने यह भी कहा कि पहली बार ऐसा लोकतंत्र में हो रहा है जो अपनी जुबान नहीं खोल सकता है।अभय सिंह की पत्नी सरिता सिंह ने कहा कि यह विपक्षी पार्टी की सोच है।मेरे पति के खिलाफ फर्जी तरह से षडयंत्र रचा जा रहा है।भारतीय जनता पार्टी देश में लोकतंत्र की पार्टी ना बन कर तानाशाही पर आमादाहै।उन्होंने कल हुए आपने पति के ऊपर हमले को लेकर जनता के बीच में भी अपने आंसुओं को नहीं रोक सकी।उन्होंने सिर्फ समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी अभय सिंह को जिताने की अपील की है।वही मौजूद हजारों की संख्या में चरावांबाजार में उन्होंने उमड़े जनसैलाब को संबोधित किया।इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन पूर्व जिला पंचायत सदस्य सिया राम निषाद तथा अध्यक्षता सपा नेता कृष्णा दुबे ने किया।उन्होने कहा कि अभय सिंह के ऊपर लगे तथा विपक्षी विकास सिंह के ऊपर लगे मुकदमे में सक्षम न्यायालय ने तत्काल जमानत दे दी है।

आतंकवादियों को फांसी और आजीवन कारावास की सजा इस्लामिक आतंकवाद की जड़ों पर कड़ा प्रहार – हिन्दू महासभा

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)गुजरात की राजधानी अहमदाबाद में सन 2008 में सिलसिलेवार हुए बम धमाकों के 38 आरोपियों को फांसी और 11 आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा का अखिल भारत हिन्दू महासभा ने स्वागत किया है ।हिन्दू महासभा के अयोध्या जिलाध्यक्ष अधिवक्ता राकेश दत्त मिश्र ने आज जारी बयान में कहा कि न्यायालय ने जिस निर्भीकता से आरोपियों का दोष सिद्ध कर सजा सुनाई , वो भारतीय न्यायिक व्यवस्था के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज होगा । उन्होंने कहा कि न्यायालय द्वारा सुनाई गई फांसी की सजा और आजीवन कारावास की सजा देश मे बढ़ते इस्लामिक आतंकवाद की जड़ों पर कड़ा प्रहार है।राकेश दत्त मिश्र ने '' ,आतंकवाद का कोई धर्म नही होता '' का राग अलापने वाले छद्म धर्मनिरपेक्ष तत्वों को आइना दिखाते हुए कहा कि उन्हें फांसी और आजीवन कारावास की सजा पाने वालों को देखकर आतंक के धर्म का सहज अनुमान हो जाना चाहिए।

थाना जलालपुर पुलिस के द्वारा हत्या के वांछित अभियुक्त मय आलाकत्ल के गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन एंव क्षेत्राधिकारी केराकत के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक श्री विजय शंकर सिंह मय हमराह द्वारा दिनांक 18/19.02.22 को घटित हत्या की घटना के अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम रात्रि गस्त देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति वाहन जलालपुर चौराहे पर मामूर थी कि मुखबिर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि हत्या की घटना कारित करने वाले अपराधी त्रिलोचन नहर पुलिया के पास खडे है कही जाने की फिराक मे वाहन का इन्तजार कर रहे है अगर जल्दी की जाय तो उनको पकडा जा सकता है। इस सूचना पर विश्वास कर के पुलिस टीम द्वारा मुखबिर के इशारे पर त्रिलोचन नहर पुलिया के पास से हिकमत अमली का प्रयोग करते हुए दो व्यक्तियो को पकड़ लिया गया पकडे गये व्यक्तियों से नाम पता पूछा गया तो पहले ने अपना नाम जितेन्द्र कुमार गौतम उर्फ जीतू पुत्र स्व0 दुखहरण गौतम नि0 ओइना थाना जलालपुर, जौनपुर दूसरे ने अपना नाम सुजीत कुमार प्रजापति पुत्र दिलीप प्रजापति नि0 विक्रम पाली थाना बिहटा जिला पटना हालपताकृग्राम ओइना थाना जलालपुर, जौनपुर को गिरफ्तार किया गया जिनकी निशानदेही पर हत्या मे प्रयुक्त ईंट, खूनालूदा कपडे, एवं मृतक

का एटीएम कार्ड व मोबाइल बरामद किया गया । अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है । गिरफ्तार अभियुक्तगण– 1.जितेन्द्र कुमार गौतम उर्फ जीतू पुत्र स्व0 दुखहरण गौतम नि0 ओइना थाना जलालपुर, जौनपुर। 2.सुजीत कुमार प्रजापति पुत्र दिलीप प्रजापति नि0 विक्रम पाली थाना बिहटा जिला पटना हालपताकृग्राम ओइना थाना जलालपुर, जौनपुर। बरामदगी का विवरण– दो आलाकत्ल ईट, दो खुनालूदा कपडा, दो एटीएम कार्ड, मोबाइल फोन। आपराधिक इतिहास 1.मु0अ0सं0–63/22 धारा– 302/34 भादवि थाना जलालपुर, जौनपुर गिरफ्तारी करने वाली टीम– 1.प्रभारी निरीक्षक श्री विजय शंकर सिंह थाना जलालपुर जौनपुर। 2.हे0का0 धर्मेन्द्र सिंह, हे0का0 अमित सिंह, का0 आनन्द सिंह,–का0सुनील कुमार यादव, का0 दीपक मौर्या थाना– जलालपुर, जौनपुर ।

आयातित उम्मीदवारों को नकार रही जनताः अशोक सिंह

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जौनपुर जनपद की महत्वपूर्ण विधानसभा मड़ियाहूं में अपने को एक दूसरे की निकटतम प्रतिद्वंदी मानने वाली दोनो पार्टियों ने बाहरी आयातित उम्मीदवारों को खड़ा करके ना केवल स्थानीय कार्यकर्ताओं का बल्कि जनता का सरासर अपमान किया है। इसका खामियाजा उन सबको भुगतना होगा। यहां के मतदाता मुझे इसी लिए ही अपना आशीर्वाद देंगे। क्योंकि मैं हमेशा इनके साथ सुख दुख में खड़ा रहा हूं। उक्त विश्वास मड़ियाहूं विधानसभा से विकासशील इंसान पार्टी के उम्मीदवार अशोक सिंह ने पत्रकरो से बात करते हुए कही। वह इसको मुद्दा बनाते हुए सर्व जातीय समर्थन हासिल करने में जुटे हुए हैं। उन्होंने एक सवाल के जवाब में बताया की मड़ियाहूं से समाजवादी पार्टी ने सुषमा पटेल को मुंगरा बादशाहपुर से आयातित कर यहां खड़ा किया है। आखिर सुषमा पटेल अगर मुंगरा बादशाहपुर में अपने कार्यकाल में कुछ नहीं कर पाईं तो यहां वह कौन सा काम करेंगी। क्या मड़ियाहूं के स्थानीय कार्यकर्ताओं में से कोई सपा के उम्मीदवार नहीं बन सकते थे। ठीक इसी तरह भारतीय जनता पार्टी का कमल यहां से गायब है।कप प्लेट के साथ अपने गठबंधन से जिन आर के पटेल को बाहर से लाकर उम्मीदवार बनाया है क्या मडिघ्याहूं में उनसे बेहतर काम करने वाले कोई पटेल कार्यकर्ता या नेता नहीं हैं। बीजेपी ने तो ना केवल स्थानीय लोगों का बल्कि अपने गठबंधन के साथियों को भी दरकिनार कर दिया है। बिहार में नीतीश कुमार के साथ गठबंधन कर उसकी सहयोगी पार्टी विकासशील इंसान पार्टी को अपने से अलग कर दिया । इसलिए विकल्प के रूप में मैंने वीआईपी से टिकट लिया । निषाद पार्टी को भी मड़ियाहूं के माहौल से दूर रखा। वे भी ठगा सा महसूस कर रहे हैं। लगभग 25000 निषाद मतदाता भी मेरे संघर्ष को देखते हुए अपना आशीर्वाद मुझे दे रहे हैं । दूसरे राष्ट्रीय दलों ने पूरी तरह से ब्राह्मण ठाकुर समेत अन्य सवर्णों को भी झिड़क दिया। वह अपमानित महसूस कर रहे हैं।मैं उनके संताप को दूर करूंगा। एक अन्य सवाल के जवाब में अशोक सिंह ने कहा कि मडिघ्याहूं में विकास के नाम पर कुछ नहीं हुआ है। मेरी प्राथमिकता होगी कि एक बेहतर सड़क और लोगों को पीने का पानी पहले मुहैया कराऊं। बिजली की समस्या को दूर करने के लिए हाई ग्रीड ट्रांसफार्मर की जो आवश्यकता जहां हमेशा बनी रहती है मैं उसे पूरा करूंगा। युवाओं के विकास के लिए यहां पर टेक्निकल कॉलेज और स्वास्थ्य सेवा के लिए बेहतरीन अस्पताल मेरी प्राथमिकताओं में से हैं। मुझे पूरी उम्मीद है कि मेरे चुनाव चिन्ह नाव को भगवान उसी तरह उस पार करेंगे जैसे निषाद बंधुओं ने भगवान को अपनी नाव में बिठा कर नदी पार करवाई थी।

एमसीएमसी कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया गया और मीडिया मॉनिटरिंग में लगे कर्मचारियों के साथ बैठक कर दिया गया आवश्यक दिशा–निर्देश

जौनपुर सू.वि. : मा0 प्रेक्षक विधानसभा मल्हनी पवित्र मंडल एवं मा0 प्रेक्षक विधानसभा बदलापुर अजय नाथ झा द्वारा एमसीएमसी कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया गया और मीडिया मॉनिटरिंग में लगे कर्मचारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिया गया। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्याशियों के सोशल मीडिया अकाउंट के यूआरएल नंबर रजिस्टर में अंकित किया जाए और उनकी गहनता से मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर चलने वाली पेड न्यूज, आदर्श आचार संहिता के उलंघ्घन से संबंधित खबरें को गंभीरता से मॉनिटर करें। मा0 प्रेक्षक के द्वारा एमसीएमसी के सर्टिफिकेशन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गयी। उन्होने जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय को निर्देश दिया कि मतदाता जागरूकता से संबंधित स्वीप कार्यक्रम के माध्यम से जागरूकता का व्यापक प्रचार प्रसार नियमित रूप से किया जाए, जिससे लोगों में मतदान के प्रति जागरूकता बढ़े। मा0 प्रेक्षक अजय नाथ झा द्वारा निर्देशित किया गया कि जनपद में महिला एवं युवा वोटरों को जागरूक किया जाये ताकि लोकतन्त्र के इस महापर्व में उनकी भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। इस अवसर पर उर्दू अनुवादक सह प्रधान सहायक निगार फात्मा, सहायक लेखाकार सुमंत कुमार श्रीवास्तव, लेखाकार राकेश राय, कनिष्ठ लिपिक सुभाष, सोशल मीडिया एक्सपर्ट प्रतीक उपाध्याय सहित अन्य उपस्थित रहे। इसी क्रम में मा0 प्रेक्षक विधानसभा बदलापुर अजय नाथ झा द्वारा विकास भवन स्थित जिला नियन्त्रण कक्ष का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला नियन्त्रण कक्ष के माध्यम से सीविजिल तथा शिकायत निस्तारण प्रबंधन व्यवस्था का अवलोकन करते हुए सुझाव दिया कि शिकायत करने वालों को शिकायत निस्तारण करने के उपरान्त जानकारी दे। उन्होंने कहा कि कन्ट्रोल रुम के नम्बर पर फोन करने वालों से शालीनता से बात किया जाये और निर्धारित समय में उनकी शिकायतों पर कार्यवाही की जाये। नियन्त्रण कक्ष में दो लैंड लाईन–05452–260103, 05452–260104 नम्बर स्थापित किया गया हैं। इसके अतिरिक्त मतदाताओं के समस्याओं के समाधान हेतु हेल्प लाईन नम्बर 1950 स्थापित हैं। नियन्त्रण कक्ष में 24 घंटे कर्मचारी सहायता हेतु तैनात हैं।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार 12 मार्च 2022 को राष्ट्रीय लोक अदालत प्रस्तावित

जौनपुर सू.वि. : राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार 12 मार्च 2022 को राष्ट्रीय लोक अदालत प्रस्तावित है। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के अधिकतम वादों का निस्तारण सुलह–समझौते के आधार पर किये जाने हेतु उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा–निर्देश में राष्ट्रीय लोक अदालत की वास्तविक तिथि से पूर्व समस्या के समाधान हेतु प्री–ट्रायल बैठके आयोजित की जानी है। जिसके अनुक्रम में पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण द्वारा 19 फरवरी 2022 को प्रथम प्री–ट्रायल बैठक आयोजित करते हुए अग्रिम प्री–ट्रायल बैठके 25.02.2022 व 04.03.2022 को समय 02:30 बजे अधिकरण के मीटिंग हाल में आयोजित किया जाना निर्धारित किया गया है। इसी क्रम में परिवार न्यायालय से सम्बन्धित वैवाहिक विवादों हेतु प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय द्वारा प्री–ट्रायल बैठक 24.02.2022 व 03.03.2022 को आयोजित किए जाने का निर्णय लिया गया है। राष्ट्रीय लोक अदालत में प्री–लिटिगेशन स्तर के धारा 138 के तहत एनआई एक्ट के मामले, धन वसूली, श्रम और रोजगार विवाद, बिजली, पानी, बिल और अन्य बिल भुगतान, रख–रखाव व अन्य (आपराधिक प्रतिदेय और अन्य दीवानी विवाद), न्यायालयों/न्यायाधिकरणों में लंबित आपराधिक शमनीय अपराध, धारा 138 के तहत एन आई अधिनियम, धन वसूली, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, श्रम और रोजगार विवाद, बिजली, पानी बिल और अन्य बिल भुगतान, वैवाहिक विवाद (तलाक को छोड़कर) भूमि अधिग्रहण, (सिविल न्यायालयों/न्यायाधिकरणों के समक्ष लंबित) वाद, वेतन और भत्तों और सेवानिवृत्ति लाभों से सम्बन्धित सेवा मामले, राजस्व मामले (केवल जिला न्यायालयों और उच्च न्यायालयों में लंबित) अन्य दीवानी वाद (किराया आसान अधिकार, निषेधाज्ञा सूट) आपसी सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित हो सकने वाले समस्त प्रकार के वादों का निस्तारण किया जायेगा।

यूपी में बनेगी बीएसपी सरकारः विनय कश्यप

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी के मुख्य सेक्टर संयोजक लखनऊ मंडल राकेश कुमार गौतम एवम् एडवोकेट विनय

कश्यप ने सीतापुर के सुरक्षित विधानसभा क्षेत्र– सिधौली के गोंदलामऊ में आयोजित विशाल जनसभा में डॉ. पुष्पेन्द्र पासी को विधानसभा क्षेत्र– सिधौली का विधायक बनाने के लिए अपील की। विशाल जनसभा में हजारों लोगों की भीड़ रही।

अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा ने भाजपा को दिया समर्थन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के समर्थन में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा (रा0) जिला अध्यक्ष डॉ अतुल दुबे के नेतृत्व में ब्राह्मणों ने भाजपा प्रत्याशी गिरीश चंद यादव को जिताने की अपील की गई। साथ–साथ सभी नौ विधानसभाओ में इस संगठन के

नेतृत्व में 136 संगठनों का एक संयुक्त विप्र मोर्चा का गठन हुआ इसकी अगुवाई पंडित राजेंद्र नाथ त्रिपाठी और जिला इकाई के कार्यकर्ता भाजपा प्रत्याशियों को जिताने में अपना संपूर्ण योगदान दे रहे हैं। उक्त कार्यक्रम मैं ब्राह्मण महासभा संगठन के पदाधिकारियों द्वारा भाजपा प्रत्याशी माननीय गिरीश चंद यादव जी को भगवान परशुराम की प्रतिमा भेंट की गई तत्पश्चात भाजपा प्रत्याशी गिरीश चंद यादव ने सभी ब्राह्मण पदाधिकारियों को भाजपा की पट्टिका पहनाकर उनका स्वागत किया और आशीर्वाद प्राप्त किया। उक्त कार्यक्रम में संगठन के पदाधिकारी श्रीपत उपाध्याय, वेद प्रकाश शुक्ला, जगदीश उपाध्याय, मृत्युंजय शुक्ला, धनंजय तिवारी, राजेश पांडे, कमलाकर मिश्रा, विनोद तिवारी, बसंत पाठक, अरविंद मिश्रा, धर्मेंद्र तिवारी व आदि लोग उपस्थित रहे।

स्वच्छता को अपना कर आप प्राप्त कर सकते हैं स्वस्थ जीवन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सल्तनत बहादुर पीवजीव कॉलेज बदलापुर जौनपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा आयोजित स्वच्छता एक्शन प्लान के अंतर्गत दिनांक 20 फरवरी 2022 को महाविद्यालय परिसर की स्वच्छता

कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसमें आज स्वच्छता कार्यक्रम में चयनित स्वयंसेवकों ने बढ़–चढ़कर प्रतिभाग किए ।सभी स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर के कोने – कोने में साफ – सफाई किया एवं जनता में स्वच्छता के प्रति जागरूक होने की भावना जगाई । एवं साथ ही साथ गीत के माध्यम से लोगों में यह भी संदेश दिया कि हम अपने प्यारे भारत को हमेशा स्वच्छ एवं सुंदर रखें एवं सदा निरोगी भारत बनाएं। वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 राम मोहन अस्थाना ने कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मष्तिक निवास करता है और शरीर की स्वस्थता के लिए वातावरण का स्वच्छ होना आवश्यक है। साथ ही स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए ने बताया कि स्वच्छता केवल समाज में ही नहीं तन एवं मन से भी होनी चाहिए इस कार्यक्रम पर कार्यक्रम अधिकारी डॉवपवन सिंह, मुमताज अहमद अंसारी , डॉव महेंद्र सिंह, डॉव जोरावर सिंह , प्रियांशु दुबे , धीरज, स्वतंत्र, अभिषेक ,रिया, शौर्या सिंह ,अनुपमा यादव एवं आदि सभी स्वयंसेवकों ने अपना संपूर्ण योगदान दिया।

रेडीमेड कपड़े की दुकान व मकान का ताला तोड़कर कर दो स्थानों पर चोरी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कोतवाली थाना क्षेत्र के सिपाह पुलिस चौकी के निकट शब्बीर कटरे में मोहम्मद मुस्लिम शहजादे की रेडीमेड कपड़े की दुकान का ताला तोड़कर कर रात लगभग 2 से 3 के मध्

य चोरो ने हाथ साफ किया जिसमें चोर जूते चप्पल जीन्स पेंट शर्ट आदि काफी कपड़े उठा ले गए इसीप्रकार दूसरी घटना फरहत तस्लीम पत्नी स्व0 जियाउद्दीन के मकान में किराएदार के साथ भी घटित हुई जिसमें बताया जा रहा है कि कीमती सामान व नगद भी चोर उठा ले गए है। उक्त घटना स्थल पर गए पत्रकार को पुलिस द्वारा कवरेज करने से भी रोका गया।

प्रेक्षक पवित्र मंडल द्वारा जनपद के पोलिंग स्टेशन एवं बूथों का किया गया निरीक्षण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारत निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप विधानसभा चुनाव 2022 को सुरक्षित निष्पक्ष और पारदर्शिता पूर्वक संपन्न कराने के लिए विधानसभा 367–मल्हनी के प्रेक्षक महोदय पवित्र मंडल जी द्वारा जनपद के पोलिंग स्टेशन एवं बूथों का निरीक्षण किया गया जिसके अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय गोधना, श्री राम निरंजन इंटर कॉलेज, प्राथमिक विद्यालय कच्छगांव, प्राथमिक विद्यालय सैदाबाद, प्राथमिक विद्यालय कोडरमा परियावा, श्री शास्त्री इंटर कॉलेज बनपुरवा, प्राथमिक विद्यालय आमदहा, प्राथमिक विद्यालय बेलवा, जगत नारायण इंटर कॉलेज, जगतगंज प्राथमिक विद्यालय कादीपुर, जगतगंज महाराणा इंटर कॉलेज, रामदयालगंज प्राथमिक विद्यालय रामदयालगंज, प्राथमिक विद्यालय हरखपुर, प्राथमिक विद्यालय पचोखर, प्राथमिक विद्यालय नेवादा एवं भढसरा का निरीक्षण करते हुए वहां पर चुनाव संबंधी सभी प्रकार की तैयारियों का जायजा लिया गया और महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए गए जिससे चुनाव सुविधाजनक रूप से संपन्न किए जा सके। मा0 प्रेक्षक महोदय द्वारा रैम्प, पानी की सुविधा, शौचालय, विद्युत व्यवस्था

तथा वृद्ध एवं दिव्यांगों की आधारभूत सुविधाओं के बारे में सूचनाएं प्राप्त करते हुए समस्याओं को दूर करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया और सुनिश्चित किए की मतदान निष्पक्ष और पारदर्शी पूर्ण रूप से संपन्न कराया जाए। मा0 प्रेक्षक महोदय श्री पवित्र मंडल के साथ में लाइजनिंग ऑफिसर राजेश मौर्य, उप निरीक्षक द्वारिका नाथ यादव और अधिकारीगण उपस्थित रहे।

मतदाता जागरूकता एक्सप्रेस ने 365–शाहगंज विधानसभा में किया लोगों को जागरूक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वाचल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस. मौर्य के निर्देश पर राष्ट्रीय सेवा योजना विभाग द्वारा संचालित मतदाता जागरूकता एक्सप्रेस ने 365– शाहगंज विधानसभा में अब्दुल अजीज अंसारी पीजी कॉलेज मजडीहा, शाहगंज,फरीदुलहक मेमोरियल पीजी कॉलेज सबरहद, शाहगंज,राजकीय महिला महाविद्यालय शाहगंज,जौनपुर में छात्रों एवं मतदाताओं को 7 मार्च 2022 को होने वाले चुनाव में शत–प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक किया। शाहगंज में राजकीय महिला महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर डॉ नूर तलअत ने छात्रों का आह्वान किया कि 7 मार्च को शत प्रतिशत मतदान करके लोकतंत्र को मजबूत बनाएं। तत्पश्चात मतदाता जागरूकता एक्सप्रेस के साथ स्वयंसेवको ने जागरूकता रैली निकाली।इस अवसर पर प्रो.संजय कुमार प्रो. अविनाश चंद यादव, प्रो. अखिलेश राम ,डॉ. ओम प्रकाश वर्मा, डॉ. मोती चंद यादव डॉ अमृता बरनवाल ,डॉ. पूजा गुप्ता कार्यक्रम अधिकारी प्रो रमेश चंद्र,श्री ओम प्रकाश मिश्र, रत्नेश संतोष ,सुरेश, अनुराग, सुमित सिंह, चालक रमाकांत आदि लोग उपस्थित रहे। फरीदुल हक मेमोरियल पीजी कॉलेज सबरहद, शाहगंज, जौनपुर में प्राचार्य डॉक्टर तबरेज आलम ने स्वयंसेवकों को संबोधित किया और उन्होंने आह्वान किया कि हमारे महाविद्यालय के सभी छात्र/स्वयंसेवक मतदाता जागरूकता अभियान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लें और लोगों को प्रेरित करें कि वे मतदान के इस लोकपर्व में बढ़–चढ़कर प्रतिभाग करें जिससे लोकतंत्र की खूबसूरती कायम हो सके।इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. निजामुद्दीन, डॉ.अनामिका पांडेय, डॉ राकेश सिंह, डॉ. अमित गुप्ता, श्री सूर्य प्रकाश यादव,डॉ.रियाज अहमद, डॉ. शिव प्रसाद यादव, डॉ. भाष्कर

तिवारी,डॉ. धर्मेन्द्र कुमार, डॉ.मनोज कुमार सिंह, डॉ.संजय कुमार यादव, श्री ओम प्रकाश चौरसिया आदि शिक्षक एवं छात्र उपस्थित रहे। अब्दुल अजीज अंसारी पीजी कॉलेज मजड़ीहा, शाहगंज में प्राचार्य डॉ. एन.पी. उपाध्याय ने मतदाता जागरूकता एक्सप्रेस का स्वागत किया तथा स्वयंसेवकों को संबोधित किया। इसके बाद राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों/छात्रों के साथ जागरूकता एक्सप्रेस के साथ रैली निकाली गई। इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकरी श्रीमती इंदुलता यादव, डॉ.सलीम खान डॉ.चिरंजीव लाल यादव, डॉ.तस्नीम बानो, अनुपम यादव अशीष अस्थाना, लालचन्द यादव आदि उपस्थित रहे।

स्कॉलरशिप और गेट खोलने को लेकर मारपीट

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पूर्वांचल विश्वविद्यालय में स्कॉलरशिप और गेट खोलने को लेकर विश्वविद्यालय के छात्र आपस में मारपीट कर लिए। मारपीट में कई लोग घायल भी हो गए जिन्हें निजी निजी चिकित्सालय लेकर जाया गया है। विश्वविद्यालय के छात्र मुख्य गेट को बंद कर स्कॉलरशिप के लिए धरना प्रदर्शन कर रहे थे उसी समय बीटेक 4 ईयर के छात्र विश्वविद्यालय के अन्य छात्रों को गेट खोलने के लिए कहा तो धरना प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने प्रशासन से अनुमति मांगने के लिए कहा जिस पर बीटेक 14 ईयर के छात्र तथा अन्य विश्वविद्यालय के छात्रों में मारपीट हो गई।

जहरीली शराब का तांडवः आजमगढ़ में सात की मौत और 12 से ज्यादा बीमार : कई गांवों में हाहाकार

आजमगढ़ ब्यूरो : यूपी के आजमगढ़ जिले में एक बार फिर से जहरीली शराब का कहर सामने आया है। जहरीली शराब के सेवन से अबतक सात लोगों की मौत हो चुकी है वहीं 12 से ज्यादा लोग बीमार हैं। घटना से अहरौला थाना क्षेत्र के कई गांवों में हाहाकार मचा है। आलम यह है कि आधा दर्जन से ज्यादा गांवों से मौत पर चित्कार ही सुनाई दे रही है। आक्रोशित ग्रामीणों ने माहुल कस्बे में चक्काजाम कर दिया है। जिला प्रशासन में हड़कंप मच गया है। विधानसभा चुनाव के माहौल में अवैध शराब का कारोबार भी बढ़ गया है। देसी शराब की दुकान से बेची गई जहरीली शराब अहरौला थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले नगर पंचायत माहुल स्थित देसी शराब की दुकान से रविवार की शाम बेची गई शराब जहरीली मिली है। उसे पीने के बाद अब तक सात लोगों की मौत की सूचना है। तो वहीं 12 से ज्यादा लोग अलग–अलग अस्पतालों में जीवन और मौत से संघर्ष कर रहे हैं। सात की मौत के बाद पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। गांवों में महिलाओं और जिला मुख्यालय पर अस्पतालों से लेकर पोस्टमार्टम हाउस तक लोगों का हाल बेहाल है। हर कोई एक ही आवाज उठा रहा था कि मौत रूपी शराब बेचने वालों को ऐसा सबक मिले कि लोग याद रखें। बीते मई माह में जहरीली शराब से मित्तुपुर गांव में 30 से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी। घटना के बाद जिला प्रशासन ने अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ अभियान चलाया था।

वाराणसी के गुरुनानक स्कूल के बाहर प्रदर्शन आरोपों पर प्रिंसिपल बोलीं– यहां ड्रेस कोड लागू है

वाराणसी ब्यूरो : कर्नाटक में शुरू हुए हिजाब विवाद का मामला अब वाराणसी भी पहुंच गया है। सोमवार को शिवपुर स्थित गुरुनानक इंग्लिश स्कूल के बाहर कुछ युवकों ने प्रदर्शन किया। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ छात्राएं हिजाब लगाकर स्कूल पहुंची हैं। प्रदर्शन करने वाले युवाओं को पुलिस ने हिरासत में लिया। प्रदर्शनकारी युवा स्कूल में छात्राओं के हिजाब पहनकर आने का वीडियो फुटेज प्रिंसिपल को दिखाने की बात कर रहे थे वहीं प्रिंसिपल ने स्कूल में हिजाब पहनकर आने की बात को खारिज किया। उनका कहना है कि स्कूल में लगे सीसीटीवी कैमरे को चेक किया जा सकता है। प्रदर्शनकारी युवाओं ने लगाया आरोप जिस तरह से कर्नाटक में हिजाब विवाद शुरू हुआ है उसे लेकर पूरे देश में चर्चा का विषय बना हुआ है। शिवपुर स्थित गुरु नानक इंग्लिश स्कूल में प्रदर्शन करने वाले युवाओं का कहना था कि स्कूल प्रबंधन की ओर से मुस्लिम लड़कियों को हिजाब पहनकर स्कूल आने की अनुमति दी गई है जो पूरी तरह गलत है। स्कूल के गेट पर इसके विरोध में हंगामा मचाया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची शिवपुर पुलिस ने पहले समझाने का प्रयास किया। बाद में प्रदर्शनकारी युवाओं को हिरासत में ले लिया। उधर पूरे मामले में प्रिंसिपल निर्मला राठौर ने बताया कि स्कूल में ड्रेस कोड लागू है। जिसका कड़ाई से पालन कराया जाता है। इस स्कूल के बाहर कौन हिजाब पहनकर आता है, इससे उन्हें कोई मतलब नहीं है। हिजाब के नाम पर अनावश्यक विवाद स्कूल में सीसीटीवी कैमरे लगे हैं जिसको चेक किया जा सकता है। जिस तरह से हिजाब के नाम पर अनावश्यक विवाद खड़ा किया जा रहा है, उससे शैक्षणिक माहौल खराब करने का प्रयास किया जा रहा है। उधर प्रदर्शनकारियों का कहना है कि उनके पास प्रधानाचार्य और हिजाब पहनने वाली छात्राओं से बातचीत की रिकॉर्डिंग भी है। शिवपुर थाना प्रभारी एसआर गौतम ने बताया कि स्कूल के बाहर प्रदर्शन करने वालों को हिरासत में लिया गया है।

केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने भाजपा प्रत्याशी आरती के लिए मांगा वोट

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)जिले के गोसाईंगंज विधानसभा के तारुन में परशुराम वर्मा स्मारक महिला महाविद्यालय के मैदान पर भाजपा ,अपना दल, व निषाद पार्टी की संयुक्त प्रत्याशी आरती तिवारी की विशाल चुनावी सभा मे अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने सम्बोधित किया।अपने संबोधन में उन्होने कहा कि शोषितों, वंचितों निर्बल को मुख्य धारा में जोड़कर देश में मोदी व प्रदेश में योगी ने एन डी ए शासन काल मे विकास की रफ्तार को आगे बढ़ाते हुए बदलाव किया।इस मौके पर अखण्ड राष्ट्र के शिल्पी सरदार बल्लभ भाई पटेल,संविधान शिल्पी बाबा साहब भीमराव अंबेडकर, व शोषित समाज, वंचित समाज, गरीबों की चिंता करने वाले डॉ0 सोनेलाल पटेल ,को प्रणाम करते हुए कहा कि मैं जब भी यहाँ आती हूँ आप सबका अपार सनेह देखकर मन गदगद हो जाता है ।पिछली बार 2017 मे जब मै गोसाईंगंज की करनाईपुर में सभा करने आई तो मैंने आप सबसे अपील किया था कि इन्द्रप्रताप तिवारी खब्बू को जिताकर घोड़ी चढ़ाने का कार्य करिए ।आप लोंगों ने उन्हें चुनाव जिताया और आरती तिवारी के साथ विवाह बंधन में बंधे।वही आज उनका परिवार संकट में है आप लोंगो से अपील करने आई हूँ कि आरती तिवारी को 27 को चुनाव जिताने का कार्य कीजिये। हमे पूरे प्रदेश में सपा गठबंधन का सूपड़ा साफ करना है।केन्द्र में जबसे एनडीए की सरकार बनी है मोदी जी ने बागडोर सम्हाला गरीबों के बदलाव के बारे में सोंचा तमाम गरीब कल्याण की योजना चलाया बिजली, शौचालय, स्वास्थ्य बीमा, गैस सिलेंडर, आवास,अनाज की व्यवस्था किया ।शुद्ध पानी के लिए चिंता की जा रही है उसकी भी व्यवस्था की जा रही है ।कोरोना कार्यकाल का जिक्र करते हुए कहा कि जहाँ विश्व के लोग परेशान थे वहाँ एन डी ए सरकार ने हर व्यक्ति तक वैक्सीन उपलब्ध कराया और कई अन्य देशों को भी वैक्सीन देने का काम किया ।जहाँ पूरी दुनिया के अर्थव्यवस्था की रफ्तार धीमी हो गई थी वहां देश ने विकास की रफ्तार आगे बढ़ाते हुए एक्सप्रेस वे ,हाइवे व सड़को का जाल बिछाया और देश के कोने कोने को मुख्य धारा

से जोड़ा । जब मैं स्वास्थ्य राज्य मंत्री बनी तो आपके जिले में भी मेडिकल कालेज बना प्रदेश में अब तक 60 मेडिकल कालेज बन गए।अपने चुनावी सभा की शुरुआत से पहले अपना दल के संस्थापक डॉ0 सोनेलाल पटेल के चित्र पर माल्यर्पण किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रत्याशी आरती तिवारी ने जनता से भावुक अपील कर उपस्थित समूह से आशीर्वाद मांगा कार्यक्रम के संबोधन के बीच बीच मे उपस्थित युवाओं ने नारेबाजी करते हुए उत्साह को आगे बढ़ाया।कार्यक्रम में पूर्व मंत्री अवधेश पाण्डेय,भाजपा कार्य समिति सदस्य अवध क्षेत्र मणीन्द्र शुक्ला , कमला शंकर पाण्डेय, ,मया ब्लाक प्रमुख उमेश प्रताप सिंह कप्तान सिंह, प्रबन्धक प्रेम वर्मा ,निषाद पार्टी जिलाध्यक्ष आशाराम निषाद,,युवा भाजपा नेता प्रदीप सिंह,सियाराम सरार्फ, , उदित पटेल, अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा संरक्षक प्रह्लाद वर्मा, राजेश, वर्मा, राम नेवल वर्मा, फूलचन्द यादव ,गौतन पटेल ,विक्की पटेल,महेन्द्र चौरसिया, सिया राम बर्मा , पूर्व ब्लॉक प्रमुख गिरजेश वर्मा ,जिला अध्यक्ष कृष्ण देव पटेल ,आई टी के प्रवेश मिश्रा सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे। ब्लाक अध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा अरविन्द मौर्य ने अपने गीतों से उपस्थित भीड़ का मन मोह लिया।

तारुन में डाक्टर संजय निषाद ने भाजपा प्रत्याशी आरती तिवारी के लिए मांगा जनता से वोट

अयोध्या।(डा.आलोक श्रीवास्तव अयोध्या संवाददाता) जिले के तारुन क्षेत्र के परशुराम वर्मा स्मारक महिला महाविद्यालय परिसर में आयोजित भाजपा अपना दल निषाद राज पार्टी की गोसाईगंज विधानसभा के प्रत्याशी आरती तिवारी के समर्थन में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया।इस मौके पर निषाद राज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ संजय निषाद ने कहा कि मोदी, योगी,अमित शाह भारतीय जनता पार्टी, निर्बल शोषित निषाद पार्टी व अपना दल के विस्तारक,जिला कमेटी,प्रचारक, सभी कमेटियों ,सभी मोर्चों ,पन्ना प्रमुखों, तक के लोग इस फैजाबाद की इस धरती पर मौजूद हैं।आज भले खब्बू तिवारी जेल में लेकिन उन्होंने जो विकास किया है उसका सही मूल्यांकन आप ही लोग कर रहे हैं।आगे भी विकास का क्रम सतत चलता रहे इसलिए आरती तिवारी को जिताना है।अपने संबोधन में उन्होने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने सभी गुंडों को समाप्त किया।लेकिन कुछ गुंडे इधर उधर बिल में छुपे हुए थे।10 मार्च के बाद वह नजर नही आएंगे।मैं मछुआ समुदाय का बेटा हूँ कोई नेता नही हूं ।मैने दिल्ली में पार्टी की मीटिंग करने के बाद इसी फैजाबाद के तारुन की इसी डिग्री कालेज की धरती पर मैने अपनी राजनीतिक शुरू किया था।राम राज में निषाद राज की कैबिनेट के निषाद जुटे थे।उसी तरह आप सबको एक जुट होकर 27 तक जागना है और कमल का बटन दबाना है,और एन डी ए की सरकार बनाना है।राम की ऐसी महिमा जो लोग राम मंदिर नहीं बनना देना चाह रहे थे बोलो भी भगवान राम का दर्शन करने को आतुर है।आप लोंगो को याद दिलाने आया हूँ कि 7 जून 2015 को जब मैं गोरखपुर में रेल रोकने गया था।आपके फैजाबाद के लोग भी गए थे हम लोग शान्ति से अपना प्रदर्शन कर रहे थे किन्तु सपा ने गोली चलवाई थी।कुछ लोग मारे भी गए थे।मैं महीनों इसी गोसाईंगंज में छुप कर रहा मुझे गोली मारने का आदेश था ।जब राम मंदिर के लिए कारसेवकों पर इसी सपा ने फूल गिराया था कि गोली चलवाया था।आज जब राम मन्दिर बन रहा है तो यही गोकि चलवाने वाले लोग भगवान का दर्शन करना चाह रहे हैं ।सभा को निषाद राज पार्टी के रामकरण निषाद ने कहा कि मान सम्मान अगर किसी ने दिया है तो बीजेपी ने दिया है गोसाईगंज के भाजपा संयोजक रामकेवल वर्मा ने कहा की रामराज की स्थापना होनी है सर्वप्रथम घर से निकले और मल पहले मतदान तक जलपान करें हताश होकर विपक्ष तोड़फोड़ कर रहा है निषाद राज पार्टी के अनिल निषाद ने कहा कि शोषित वंचित समाज को डॉ संजय निषाद जी ने भाजपा के साथ मिलकर सम्मान दिया है कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख उमेश प्रताप सिंह कप्तान कहा कि विरोधियों ओछी हरकत पर उतर आया है। पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष सुनील सिंह विद्यार्थी ने कहा निषाद राज पार्टी विरोधियों की साजिश नाकाम करेगी पूर्व जिला अध्यक्ष अवधेश पांडेय बादल ने कहा कि निषाद भाइयों जल जंगल जमीन पर आपका अधिकार था ।जब जब महिलाओं के आंसू गिरे हैं तो एक जलजला सा आया है चाहे वह बाल्मीकि रामायण में देख लीजिए सीता के आंसू गिरे तो रावण का समूह नष्ट हुआ और द्रोपति के आंसू गिरे तो गौरव का समूल नष्ट हुआ। पूर्व अध्यक्ष राजमणि सिंह ने कहा कि विरोधी लोग पहले गाड़ी तोड़ते थे अब जान लेने का कार्य कर रहे हैं हे निषाद भाइयों आप लोग भाजपा के साथ मिलकर इनसे मंसूबों पर पानी फेरने का काम करें ।17 में 11हजार से जिताया था इस बार एक लाख से जिताओगे। कहा कि गाजीपुर से लेकर गाजियाबाद तक के अपराधी क्षेत्र में आ गए हैं और हमारे आम मतदाताओं को पिस्टल दिखाने का कार्य कर रहे हैं।अपना दल ,निषाद पार्टी ,भाजपा की संयुक्त प्रत्यासी आरती तिवारी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र में जो विकास हो रहा था उससे डर कर विरोधी ने मेरे पति को जेल भिजवा कर जमानत नहीं होने दिया आप मेरे साथ इंसाफ कीजिए जिससे गोसाईगंज मैं चल रहे विकास के कारवां को रुकने न पाए निषाद राज पार्टी के जिला अध्यक्ष आसाराम निषाद ने कहा कि हमें भाजपा निषाद राज पार्टी के संयुक्त प्रत्याशी को भारी बहुमत से जिताना है।इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह,जिला महामंत्री राघवेन्द्र पाण्डेय, ,पूर्व मंत्री अवधेश पाण्डेय,भाजपा कार्य समिति सदस्य अवध क्षेत्र मणीन्द्र शुक्ला, कमला शंकर पाण्डेय,पूर्व अध्यक्ष छात्र संघ सुनील सिंह विद्यार्थी तारुन ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि फायराम वर्मा बीकापुर ब्लाक प्रमुख दिनेश वर्मा,, प्रबन्धक प्रेम वर्मा , राजकुमार पाण्डेय दद्दू,निषाद राजपार्टी संस्कृति कार्यक्रम मुखिया राम कुमार निषाद,युवा भाजपा नेता प्रदीप सिंह,सियाराम सरार्फ, घनश्याम सिंह पटेल, उदित सर्राफ , जिला सहकारी बैंक सभापति धर्मेंद्र प्रताप सिंह टिल्लू,ब्लाक अध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा अरविन्द मौर्य ने अपने गीतों से समा बांधा।इस कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष राम मोहन भारती ने किया।

अवधेश प्रसाद नें भाजपा पर साधा निशाना : यूपी में साड़ो के साथ – साथ भाजपा की भी विदाई तय

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) जिले के मिल्कीपुर विधानसभा सपा प्रत्याशी व पूर्व कैबिनेट मंत्री अवधेश प्रसाद ने ग्राम पंचायत कर्मडांडा में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा पर जमकर निशान साधा।इस दौरान उन्होंने कहा कि साँड़ों की विदाई के साथ–साथ भाजपा की की विदाई तय है। किसान खेतों की रखवाली कर रहा है उसके बावजूद अपनी फसल को नहीं बचा पा रहा है।उन्होंने लोगों से वादा किया कि सपा सरकार बनने पर किसानों को 7 बोरी खाद, 300 यूनिट बिजली, पक्का मकान बनाने के लिए पांच लाख रुपये एवं 15 सौ रुपए प्रतिमाह पेंशन दी जाएगा।इस कार्यक्रम में सपा जिला महासचिव बख्तियार खान,पारसनाथ यादव,आबाद अहमद खान, लालचंद चौरसिया,मयूरी तिवारी,रईस अहमद खान, मुलायम सिंह यादव, पृथ्वीराज यादव,मदन यादव,नौशाद खान,यदुनाथ यादव, मोहम्मद मुस्लिम,मोहम्मद इसराइल, राजकुमार यादव,मोहित यादव,महादेव यादव, मोहम्मद यूनुस,ताज मोहम्मद दद्दू, स्वामीनाथ,हरीश यादव,मुकेश कुमार, सभाराज मौर्य, शशांक शुक्ला,गुलाब सिंह यादव,शिवम यादव समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।सपा के इस कार्यक्रम की वीडियो रिकॉर्डिंग चुनाव आयोग के द्वारा कराई गई।

माघ मेला प्रयागराज में जल पुलिस के अदम्य साहस के चलते डूबने से बची एक व्यक्ति की जान

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) माघ मेला प्रयागराज मीडिया सेल के मुताबिक मेले में श्रद्धालुओं/स्नानार्थियों के सुरक्षित संगम स्नान सम्पन्न कराने हेतु जल पुलिस व 'फ्लड' कम्पनी के जवानों द्वारा निरन्तर जल में भ्रमण करते हुये कड़ी निगरानी रखी जा रही है।वही इस संबंध में माघ मेला प्रयागराज प्रभारी एसपी डाक्टर राजीव नारायण मिश्र ने दूरभाष पर बताया' कि इस समय जवानों द्वारा 'मोटर बोट' के माध्यम से गस्त करते हुये श्रद्धालुओं को सावधानी पूर्वक स्नान हेतु प्रेरित किया जा रहा है।वही अरैल घाट की तरफ अकस्मात एक व्यक्ति आत्महत्या करने के आशय से नये यमुना पुल से यमुना नदी में कूद गया और डूबने लगा।जिसके चलते वहाँ शोरगुल सुनकर ड्यूटी पर तैनात 12वी वाहिनी पीएसी बी दल में नियुक्त बालमुकुन्द तिवारी व आरक्षी प्रदीप कुमार द्वारा तत्काल फुर्ती दिखाते हुये अपनी जान को जोखिम में डालकर अदम्य साहस का परिचय देते हुये उपलब्ध संशाधनों से डूबते हुये व्यक्ति को बचाया गया।जवानों द्वारा तत्काल मौके पर एम्बुलेंस बुलाकर उक्त व्यक्ति को सम्यक प्राथमिक उपचार दिया गया। प्राथमिक उपचार के उपरान्त उक्त व्यक्ति से परिचय प्राप्त किया गया जिसने अपना नाम उमेश कुमार उम्र करीब 14 वर्ष निवासी ग्राम–ददरी चाका प्रयागराज का होना बताया गया।उसके बाद सम्यक उपचार डूब रहे उक्त व्यक्ति को उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया।वही वहाँ पर उपस्थित जनमानस व परिजनों द्वारा जवानों के किये गये जीवनरक्षक व साहसिक कार्य की भूरि भूरि प्रशंसा की गयी।वही इसी कडीध में पुलिस अधीक्षक माघ मेला डा0 राजीव नारायण मिश्र द्वारा जवानों के किये गये सराहनीय कार्य हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उत्साहवधन किया गया।वही इसी कडीध में माघ मेला प्रयागराज में श्रद्धालुओंध स्नानार्थियों के सुरक्षित संगम स्नान सम्पन्न कराने हेतु जल पुलिस व 'फ्लड' कम्पनी के जवानों द्वारा निरन्तर जल में भ्रमण करते हुये कड़ी

निगरानी रखी जा रही है। जवानों द्वारा 'मोटर बोट' के माध्यम से गस्त करते हुये श्रद्धालुओं को सावधानी पूर्वक स्नान हेतु प्रेरित किया जा रहा है। अरैल घाट की तरफ अकस्मात एक व्यक्ति आत्महत्या करने के आशय से नये यमुना पुल से यमुना नदी में कूद गया और डूबने लगा शोर और कोलाहल सुनकर ड्यूटी पर तैनात 12वी वाहिनी पीएसी बी दल में नियुक्त आरक्षी अरुण कुमार यादव व आरक्षी अनोखे सिंह द्वारा तत्काल प्रतिक्रिया करते हुये अपनी जान को जोखिम में डालकर अदम्य साहस का परिचय देते हुये उपलब्ध संशाधनों से डूबते हुये व्यक्ति को बचाया गया।उक्त जवानों द्वारा तत्काल मौके पर एम्बुलेंस बुलाकर उक्त व्यक्ति को सम्यक प्राथमिक उपचार दिया गया। प्राथमिक उपचार के उपरान्त उक्त व्यक्ति से परिचय प्राप्त किया गया जिसने अपना नाम मो0 शाद पुत्र कबीर उद्दीन उम्र करीब 33 वर्ष निवासी ग्राम–मलाव खुर्द फूलपुर प्रयागराज का होना बताया तत्पश्चात उक्त कर्मियों द्वारा इसकी सूचना माघ मेला कन्ट्रोल रूम को दी गई। बाद सम्यक उपचार डूब रहे उक्त व्यक्ति को उसके भाई के सुपुर्द किया गया।वही वहाँ पर उपस्थित जनमानस व परिजनों द्वारा जवानों के किये गये जीवनरक्षक व साहसिक कार्य की भूरि भूरि प्रशंसा की गयी।पुलिस अधीक्षक माघ मेला डा0 राजीव नारायण मिश्र द्वारा जवानों के किये गये सराहनीय कार्य हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उत्साह वर्धन किया।

पत्रकार के हमलावरों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो महासंगठन करेगा आन्दोलन

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) महाराजगंज थाने में पत्रकार राम प्रकाश तिवारी के ऊपर हुए जानलेवा हमले की भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंगठन ने कड़ी निंदा की है।संगठन के जिलाध्यक्ष बलराम तिवारी ने मामले की निष्पक्ष जांच एवं हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए प्रशासन से मांग की है।मालूम हो कि शुक्रवार की रात गोसाईगंज बिधानसभा क्षेत्र के नेव कबीरपुर चौराहे पर भाजपा एवं सपा कार्यकर्ताओं के बीच हुए संघर्ष की खबर कवरेज करने के लिए महराजगंज थाने पहुंचे पत्रकार राम प्रकाश तिवारी पर कुछ लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया तथा उनकी पर्स व मोबाइल छीन लिया था। इस हमले में उन्हें गंभीर चोट आयी है।इस घटना को लेकर भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंगठन ने गंभीर चिंता जाहिर करते हुए हमलावरों के गिरफ्तारी की मांग की है।वही इस संगठन के जिलाध्यक्ष बलराम तिवारी ने कहा कि जब समाचार कवरेज और फोटोग्राफी के दौरान पत्रकारों के साथ मारपीट व दुर्व्यवहार किया जा रहा है तो पत्रकारिता का कार्य कर पाना कैसे संभव है।ऐसी स्थिति के लिए कहीं न कहीं प्रशासन भी जिम्मेदार है। जिला संरक्षक प्रमोद पाण्डेय व केके मिश्रा ने कहा कि पत्रकार समाज का आईना होता है।अपनी लेखनी के दम पर जन समस्याओं को उठाना और उनका निराकरण कराना पत्रकार का नैतिक दायित्व है। लेकिन समाचार संकलन के दौरान पत्रकारों पर हमले किए जा रहे हैं जो चिंताजनक है।जिला उपाध्यक्ष प्रमोद दूबे ने कहा कि वर्तमान समय में पत्रकार पूरी तरह से असुरक्षित हो गया है।पुलिस के सामने पत्रकारों के साथ लूट और मारपीट की जा रही है।जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र पाठक ने कहा कि यदि प्रशासन हमलावरों पर यथाशीघ्र कार्यवाही नहीं करता है तो संगठन आर–पार की लड़ाई लड़ने के लिए मजबूर होगा।जिला मुख्य महासचिव वेदप्रकाश मिश्र ने कहा कि पत्रकार पर हुए हमले की जितनी निंदा की जाय कम है।इस विषय पर प्रशासन को गंभीरता से विचार करना चाहिए। पत्रकार पर हमले की निंदा करने वालों में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष नरसिंह वत्स, महासचिव रमा निवास पाण्डेय व रामेन्द्र चतुर्वेदी, जिला सचिव सुरेंद्र प्रताप सिंह, राकेश कुमार तिवारी, कोषाध्यक्ष दिनेश जायसवाल, आडीटर राजेश तिवारी, वरिष्ठ जिला संगठन मंत्री अजय तिवारी, जिला संगठन मंत्री प्रेम कुमार मिश्र, शिव कुमार पाण्डेय तथा सुनील तिवारी, जिला संयुक्त सचिव ओंकार मिश्र, जितेन्द्र पाण्डेय व अश्विनी उपाध्याय के अलावा मनोज तिवारी, रामेन्द्र मोहन मिश्र, स्मिता शुक्ला, सुभाष चंद यादव, विकास शुक्ला, राजेश यादव वेदप्रकाश तिवारी, केके शुक्ला, सोहावल तहसील अध्यक्ष राजनारायण पाण्डेय, राजेश उपाध्याय, पुष्पेन्द्र मिश्रा, रामेंद्र भूषण, विजय पाठक, देवराज मिश्र, भाष्कर दत्त तिवारी, राहुल कुमार पाण्डेय, मंशाराम, विकास शुक्ला, उमाशंकर मिश्रा, राहुल मिश्रा, तरुण मिश्रा, पुष्पेन्द्र मिश्रा, अरुण प्रताप सिंह, प्रदीप पाण्डेय, कौशल शुक्ल, धर्मेंद्र कुमार पाण्डेय, देवेन्द्र नाथ तिवारी, महेश कौशल, बद्रीविशाल तिवारी, योगेन्द्र नाथ सिंह सहित काफी पत्रकारों ने नाराजगी जाहिर करते हुए पत्रकार के हमलावरों के गिरफ्तारी की मांग की है।

कांग्रेस पार्टी ही गांव गरीब के बारे में सोंचती है – के एच मुनियप्पा

अयोध्या।(डा.आलोक श्रीवास्तव अयोध्या संवाददाता) जिले के रुदौली विधान सभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी दयानंद शुक्ला के पक्ष में प्रचार के लिये आए पूर्व केंद्रीय रेल राज्य मंत्री के एच मुनियप्पा ने रूदौली नगर में जनसम्पर्क किया।जनसम्पर्क के दौरान उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी दयानन्द शुक्ला के लिये उन्होंने वोट देने की अपील की।इसके बाद रूदौली व मवई ब्लाक के कई गांव में व्यापक जनसंपर्क किया।जनसम्पर्क के बाद रसूलपुर गांव में एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि गांव गरीब किसान की पार्टी कांग्रेस है कांग्रेस ने हमेशा गांव और गरीब का विकास व उत्थान किया है भारतीय जनता पार्टी पूंजीपतियों व अमीरों की पार्टी है इनके राज मैं अमीर अमीर होता गया गरीब गरीब होता गया महंगाई बेलगाम है बेरोजगारी चरम पर है अगर इनको भगाया ना गया तो आने वाले दिनों में लोग और महंगाई बेरोजगारी से बेहाल हो गए उन्होंने कहा कांग्रेस प्रत्याशी दयानंद शुक्ला एक कर्मठ और ईमानदार नेता है इन को भारी बहुमत से जिता कर अपने क्षेत्र के विकास में योगदान दें।कांग्रेस प्रत्याशी दयानन्द शुक्ला ने उपस्थित लोगों से एक बार सेवा का अवसर देने की अपील की।इस अवसर पर जिला कांग्रेस के अध्यक्ष शिवपूजन पांडे,पूर्व जिलाध्यक्ष रामदास वर्मा,कारिब करनी,हाजी अकील खाँ,गुड्डू खाँ,रूदौली नगर अध्यक्ष तारिक रूदौलवी,अमित शुक्ला, मुजतबा खाँ, जलील अहमद एडवोकेट, रणजीत सिंह परमानन्द शुक्ला, अतीकुर्रहमान सफ्फू,निक्कू राम, सुशील तिवारी,आशीष तिवारी, राजकुमार तिवारी,बहादुर रावत सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

बीकापुर सपा प्रत्याशी फिरोज खान गब्बर ने विपक्षियो पर लगाया चुनाव के दौरान षडयंत्र करने का आरोप

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) जिले के सोहावल स्थित समाजवादी पार्टी केंद्रीय चुनाव कार्यालय पर आयोजित एक प्रेसवार्ता में बीकापुर विधानसभा से समाजवादी पार्टी के घोषित प्रत्याशी हाजी फिरोज खान गब्बर ने विपक्षियों पर चुनाव के दौरान कूटरचित षडयंत्र रचने का आरोप लगाया।इस मौके पर उन्होने कहा कि पूरे उत्तर प्रदेश में माननीय अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी की लहर चल रही है।जनता इस चुनाव में स्वयं परिवर्तन का मन बना चुकी है। विपक्षियों को गांव में जनता नहीं मिल रही है।ऐसे में विपक्षी हताश होकर चुनाव के दौरान कोई षड्यंत्र रच सकते हैं जिसकी शिकायत चुनाव आयोग से लेकर जिले के आला अधिकारियों को लिखित रूप से दी जाएगी।इस बैठक में फिरोज खान गब्बर ने बताया कि पिछले ब्लाक प्रमुख के चुनाव में भी उनके एवं उनके परिवार के खिलाफ झूठे आरोप लगाए गए थे।इसके साथ ही साथ विपक्षियों द्वारा अपनी ही गाड़ी तोड़कर हमारे ऊपर हमले का झूठा आरोप भी लगाया गया था। फिरोज खान गब्बर ने बताया कि मुझे पूरी आशंका है कि चुनाव में विपक्षियों द्वारा स्वयं किसी घटना को अंजाम देकर या कोई झूठी अफवाह फैला कर चुनाव का ध्रुवीकरण करने की कोशिश की जा सकती है। फिरोज खान गब्बर ने कहा कि लोकतंत्र में जनता को भयमुक्त होकर मतदान करने का पूर्ण अवसर मिलना चाहिए।इस मौके पर समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष एवं बीकापुर विधानसभा प्रभारी एजाज अहमद, जिला महासचिव बख्तियार खान, विधानसभा अध्यक्ष कृष्ण कुमार पटेल मौजूद रहे।

बसपा प्रत्याशी सुनील पाठक का जनसंपर्क हुआ तेज

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) जिले के बीकापुर विधानसभा से बसपा प्रत्याशी सुनील पाठक ने चुनाव में जीत सुनिश्चित करने के लिए कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों के विधानसभा क्षेत्र में तूफानी जनसंपर्क शुरू कर दिया है।वे रविवार को विधानसभा क्षेत्र में तमाम जगहों पर डोर टू डोर जनसंपर्क किया।इस मौके पर उन्होने क्षेत्र के विकास तथा जन कल्याणकारी सरकार के गठन के लिए मत देने की अपील किया।कई जगह पर नुक्कड़ सभाओं का भी आयोजन हुआ।इसी क्रम में शाम को पुहपी बाजार में नुक्कड़ का सभा का आयोजन हुआ। बसपा प्रत्याशी सुनील पाठक ने कहा कि वह छात्र जीवन से ही राजनीति में जुड़े रहें और समाज सेवा में भी अग्रणी रहे हैं। चुनाव में सफलता मिलने के बाद क्षेत्र का चौमुखी विकास करने के साथ वह हमेशा लोगों के दुख सुख में हमेशा समर्पित रहेंगे।शीतला पाठक ने अपने संबोधन में कहा कि चुनाव में पूरे विधानसभा क्षेत्र में हर जगह सभी वर्गों का व्यापक जनसमर्थन मिल रहा है।वही इस नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए बाबरी विध्वंस के आरोपी रहे शिवसेना नेता संतोष दुबे ने लोगों में जोश भरा।इस मौके पर उन्होने कहा कि लोगों से मिल रहे भारी समर्थन के चलते सुनील पाठक को चुनाव में भारी जीत मिलेगी। इस दौरान टिंकल पाठक, पप्पू पांडेय, अरविंद पांडेय, राम नायक तिवारी, कल्लू तिवारी, राम आशीष कोरी, शिवमंगल तिवारी, विनय तिवारी, राजदेव पांडेय, अरविंद पांडेय, धर्मेन्द्र पांडेय एडवोकेट सहित तमाम लोग शामिल रहे।

बहादुगंज बाजार के पास वाहन ने युवक को मारी टक्कर : हालत गंभीर

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) जिले के बहादुगंज बाजार के पास वाहन ने युवक को टक्कर मार दी।जिससे उक्त युवक गंभीर रुप से घायल हो गया है।सूत्र के मुताबिक महात्मा गांधी इंटर कालेज में आयोजित भाजपा की रैली में उक्त युवक जा रहा था।भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र अमानीगंज महात्मा गांधी इंटर कालेज में आयोजित रैली में मोटरसाइकिल से जा रहे युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। जिससे हालत गम्भीर बनी हुई है।सूत्र के मुताबिक जिले के कुमारगंज थाना क्षेत्र के बिरौली गांव निवासी छोटू मिश्रा रैली के लिए जा रहा था कि बहादुगंज बाजार से जैसे अमानीगंज की ओर निकले कि उनकी मोटर साइकिल में पीछे से अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से युवक सड़क पर गिर गया तथा मोटर साइकिल गहरे गड्डे में जा घुसी।उसके साथी भाजपा कार्यकर्ताओं ने इसकी सूचना एम्बुलेंस को देते हुए विधायक को दी।आनन फानन में घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खण्डासा अस्पताल ले जाया गया।जहाँ गम्भीर हालत में उन्हें भर्ती कराया गया।

कृषि विश्वविद्यालय में 35 दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ सफल आयोजन

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय अयोध्या द्वारा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की नाहेप परियोजना के अंतर्गत 35 दिवसीय ऑनलाइन प्रशिक्षण का सफल आयोजन किया गया।सूत्र के मुताबिक प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय अयोध्या द्वारा ''''सॉफ्ट स्कील एण्ड लैंग्वेज डेवलपमेंट'' नामक विषयक पर उद्देश्य निर्धारित करना एवं समय प्रबंधन विषय पर छात्रों हेतु 35 दिवसीय ऑनलाइन प्रशिक्षण आयोजित किया गया।कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह के मार्ग दर्शन एवं छात्रों के उज्जवल भविष्य के लिए हर संभव प्रयास के दृढ़ संकल्प से ही यह प्रशिक्षण आयोजित हुआ।इस प्रशिक्षण के समापन समारोह में छात्रों से कुलपति महोदय ने सीधे संवाद स्थापित किया एवं उन्हें निर्भय होकर आत्मविश्वास के साथ अपने लक्ष्य निर्धारित करने का आह्वान किया।इसके साथ ही समय की प्रतिबद्धता एवं प्रबंधन पर विशेष बल देने की बात कही। इस प्रशिक्षण के मुख्य उपदेशक बैंगलुरू की स्मार्ट सीरीज, नामक संस्था की सी.ई.ओ., डॉ राधा संकरनारायणन थी । डॉ शंकर नारायणन ने पूरे प्रशिक्षण को दो भाग में बांटा, भाग–1 में सॉफ्ट स्किल्स के बारे में प्रतिदिन प्रशिक्षण दिया। तथा भाग 2 में प्रशिक्षणार्थियों से सीधा संवाद स्थापित कर उन्हें अपने लक्ष्य स्थापित करने को तथा सकारात्मक सोच से समय प्रतिबद्ध होकर कार्य करने को कहा।इस प्रशिक्षण को संभव बनाने में प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय के निदेशक डॉ देवाशीष नियोगी नेबताया कि विश्वविद्यालय के सभी महाविद्यालयों से हर श्रेणी के कुल 73 छात्रों ने इस प्रशिक्षण में भाग लिया।इस प्रशिक्षण में कृषि महाविद्यालय कुमारगंज के 23 छात्र, पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय के 15 छात्र, कृषि विश्वविद्यालय कोटवा आजमगढ़ के 10 छात्र, कृषि वानिकी महाविद्यालय से 10 छात्र, मत्स्य पालन महाविद्यालय से 5 छात्र सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय एवं इंजीनियरिंग कॉलेज के 5 छात्रों ने प्रतिभाग किया।प्रशिक्षण निदेशालय के उपनिदेशक डॉ सत्यव्रत सिंह ने कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह का आभार व्यक्त करते उन्हें इस प्रशिक्षण का प्रेरणा स्त्रोत बताया।इस समापन समारोह का संचालन छात्रों द्वारा ही किया गया।

सम्पादक मंडल
पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से में0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।